संगीत नाटक अकादेमी
Sangeet Natak Akademi

NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA
RABINDRA BHAVAN, FEROZE SHAH ROAD, NEW DELHI-110 001
Tel. : 23387246, 23387247, 23387248, 23382495
FAX : 91-11-23382659
E-mail : mail@sangeetnatak.gov.in
Website : http://sangeetnatak.gov.in

Ministry of Culture
Government of India

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS

# संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार

## 2018

9th April 2022

VIGYAN BHAWAN, NEW DELHI

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS

संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार

— 2018 —

# अकादेमी रत्न

♦ जतिन गोस्वामी ♦ सोनल मानसिंह ♦ तिरुविदैमरुदुर कुपैय्या कल्याणसुंदरम ♦ ज़ाकिर हुसैन

# अकादेमी पुरस्कार

## संगीत

अलमेलू मणी / कर्नाटक गायन
गणेश राजगोपालन और कुमरेश राजगोपालन / कर्नाटक वाद्य संगीत – वायलिन – संयुक्त पुरस्कार
हेसनाम असंबि देवी / संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ – मणिपुरी नट संकीर्तन
मधुप मुद्गल / हिंदुस्तानी गायन
मल्लादि सूरिबाबु / कर्नाटक गायन
मणि प्रसाद / हिंदुस्तानी गायन
एस. कासिम और एस. बाबू / कर्नाटक वाद्य संगीत – नागस्वरम – संयुक्त पुरस्कार
तरुण भट्टाचार्य / हिंदुस्तानी वाद्य संगीत – संतूर
तेजेन्द्र नारायण मजुमदार / हिंदुस्तानी वाद्य संगीत – सरोद
शांति हीरानंद / संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ – सुगम संगीत
सुरेश ईश्वरा वाडकर / संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ – सुगम संगीत

## नृत्य

अखाम लक्ष्मी देवी / मणिपुरी
दीपक मजूमदार / समसामयिक नृत्य
गोपिका वर्मा / मोहिनीआट्टम
इषिरा परिख और मौलिक शाह / कथक – संयुक्त पुरस्कार
पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री / कूचिपूड़ि
राधा श्रीधर / भरतनाट्यम
सुरुपा सेन / ओडिसी
टंकेस्वर हजारिका बरबायन / सत्रिय
तपन कुमार पट्टनायक / छऊ

## रंगमंच

ए. एम. परमेश्वरन चाक्यार / नाट्य की अन्य प्रमुख परंपराएँ – कूटियाट्टम
भागवत ए एस नंजप्पा / नाट्य की अन्य प्रमुख परंपराएँ – यक्षगान
लललुआङलिआना खिआङते / नाट्य लेखन
राजीव नाईक / नाट्य लेखन
संजय उपाध्याय / निर्देशन
सुहास जोशी / अभिनय
स्वपन नंदी / मूकाभिनय
टीकम जोशी / अभिनय

## पारम्परिक/ लोक/जनजातीय नृत्य/ संगीत/रंगमंच और पुतुल कला

अनुपमा होस्केरे / धागा पुतुल, कर्नाटक
अर्जुन सिंह धुर्वे / लोक नृत्य, मध्य प्रदेश
गाज़ी ख़ान बरना / लोक संगीत – खड़्ताल, राजस्थान
हेम चंद्र गोस्वामी / मुखौटा निर्माण, असम
कोटा सच्चिदानंद शास्त्री / हरिकथा, आंध्र प्रदेश
मालिनी अवस्थी / लोक संगीत, उत्तर प्रदेश
मोहम्मद सीदीक भगत / लोकनाट्य – भांड पाथेर, जम्मू–कश्मीर
नरेंद्र सिंह नेगी / लोक संगीत, उत्तराखंड
निरंजन राज्यगुरु / लोक संगीत, गुजरात
सोमदत्त बट्टू / लोक संगीत, हिमाचल प्रदेश

## प्रदर्शन कला के क्षेत्र में विद्वत्ता/समग्र योगदान के लिए

दीवान सिंह बजेली – विद्वत्ता
पुरु दाधीच – समग्र योगदान



# AKADEMI FELLOWS (AKADEMI RATNA)

♦ Jatin Goswami ♦ Sonal Mansingh ♦ Thiruvidaimarudur Kuppiah Kalyanasundaram ♦ Zakir Hussain

# AKADEMI AWARDS (PURASKAR)

## MUSIC

**Alamelu Mani** / Carnatic Vocal
**Ganesh Raja gopalan & Kumaresh Rajagopalan** / Carnatic Instrumental – Violin (Joint Award)
**Heisnam Ashangbi Devi** / Other Major Traditions of Music – Nata Sankirtana,Manipur
**Madhup Mudgal** / Hindustani Vocal
**Malladi Suribabu**/ Carnatic Vocal
**Mani Prasad** / Hindustani Vocal
**S. Kasim & S. Babu** / Carnatic Instrumental – Nagaswaram (Joint Award)
**Tarun Bhattacharya** / Hindustani Instrumental - Santoor
**Tejendra Narayan Majumdar** / Hindustani Instrumental – Sarod
**Shanti Hiranand** / Other Major Traditions of Music - Sugam Sangeet
**Suresh E. Wadkar** / Other Major Traditions of Music – Sugam Sangeet

## DANCE

**Akham Lakshmi Devi** / Manipuri
**Deepak Mazumdar** / Contemporary Dance
**Gopika Varma** / Mohiniattam
**Ishira Parikh & Maulik Shah** / Kathak (Joint Award)
**Pasumarthy Ramalinga Sastry** / Kuchipudi
**Radha Sridhar** / Bharatanatyam
**Surupa Sen** / Odissi
**Tankeswar Hazarika Borbayan** / Sattriya
**Tapan Kumar Pattanayak** / Chhau

## THEATRE

**A.M. Parameswaran Chakyar** / Other Major Traditions of Theatre - Kutiyattam
**Bhagawat A.S. Nanjappa** / Other Major Traditions of Theatre- Yakshagana
**Laltluangliana Khiangte** / Playwriting
**Rajeev Naik** / Playwriting
**Sanjay Upadhyay** / Direction
**Suhas Joshi** / Acting
**Swapan Nandy** / Mime
**Teekam Joshi** / Acting

## TRADITIONAL / FOLK / TRIBAL DANCE / MUSIC / THEATRE AND PUPPETRY

**Anupama Hoskere** /Puppetry
**Arjun Singh Dhurwey** / Folk Dance, Madhya Pradesh
**Gazi Khan Barna** / Folk Music - Khartal, Rajasthan
**Hem Chandra Goswami** / Mask Making, Assam
**Kota Satchidananda Sastry** / Harikatha, Andhra Pradesh
**Malini Awasthi** / Folk Music, Uttar Pradesh
**Mohd. Sidiq Bhagat** / Folk Theatre - Bhand Pather, J&K
**Narendra Singh Negi** / Folk Music, Uttarakhand
**Niranjan Rajyaguru** / Folk Music, Gujarat
**Som Datt Battu** / Folk Music, Himachal Pradesh

## OVERALL CONTRIBUTION/ SCHOLARSHIP IN PERFORMING ARTS


**Diwan Singh Bajeli** / Scholarship
**Puru Dadheech** / Overall Contribution

# अकादेमी रत्न

## AKADEMI FELLOWS (AKADEMI RATNA)

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
— 2018 —

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



## ज़ाकिर हुसैन
### अकादेमी रत्न

## ZAKIR HUSSAIN
### Fellowship of Sangeet Natak Akademi

Born on 9 March 1951 at Bombay in Maharashtra, Shri Zakir Hussain received his training in Tabla from his father Ustad Alla Rakha Qureshi of the Punjab gharana. Shri Zakir Hussain has accompanied most of the leading musicians and dancers of the country. He has also been acclaimed as an outstanding soloist. Through his duets with other eminent players of the Tabla, Mridangam, and other percussion instruments in India and overseas, he has added a new dimension to Indian instrumental music.

Shri Zakir Hussain has performed widely and taught Tabla at various universities and cultural institutions in the United States and worked as visiting Professor in many other countries. He has trained many students in India and abroad. Shri Zakir Hussain has been documented in many prestigious publications such as *Zakir Hussain: A Life in Music* by Nasreen Munni Kabir. He has conducted many tabla workshops and seminars around the world. Shri Hussain has been associated with many prestigious cultural institutions such as Board Member of NCPA, Mumbai, and SFJazz, San Francisco. He has a large number of recordings to his credit.

For his excellence in the field of Tabla, Shri Zakir Hussain has received numerous titles and awards. These include the Padma Shri in 1988; the Sangeet Natak Akademi Award in 1991; the National Heritage Fellowship in 1999; the Isadora Duncan Dance Awards in 1998-99 and 2010-11; the Padma Bhushan in 2002; the Kalidas Samman in 2005-06; the Grammy in 2009; and the Lifetime Achievement Award conferred by SFJazz Center in 2017.

Shri Zakir Hussain is elected Fellow of Sangeet Natak Akademi for his contribution to Indian music.

महाराष्ट्र के बॉम्बे में 9 मार्च 1951 को जन्मे, श्री ज़ाकिर हुसैन ने तबला में अपना प्रशिक्षण पंजाब घराने के उस्ताद और अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी से प्राप्त किया। श्री ज़ाकिर हुसैन ने देश के अधिकांश प्रमुख संगीतकारों और नर्तक-नर्तकियों के साथ संगत किया है। आपकी सराहना एक उत्कृष्ट एकल तबला वादक के रूप में होती रही है। भारत और विदेशों में तबला, मृदंगम और अन्य ताल वाद्यों के अन्यान्य प्रख्यात वादकों के साथ अपनी युगलबंदी के माध्यम से, आपने भारतीय वाद्य संगीत में एक नया आयाम जोड़ा है।


श्री ज़ाकिर हुसैन ने संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थानों में व्यापक रूप से अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं और तबला का प्रशिक्षण भी दिया है, साथ ही कई अन्य देशों में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी काम किया है। आपने भारत और विदेशों में कई छात्रों को प्रशिक्षित किया है। श्री ज़ाकिर हुसैन पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं, जिसमें नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा लिखित ज़ाकिर हुसैन: ए लाइफ इन म्यूज़िक बहुचर्चित रही है। आपने दुनिया भर में कई तबला कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया है। श्री हुसैन कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों जैसे एन सी पी ए, मुंबई के बोर्ड सदस्य और एस एफ जैज़, सैन फ्रांसिस्को से जुड़े रहे हैं। आपके तबला वादन की रिकॉर्डिंग्स बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं।

तबला वादन के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए, श्री जाकिर हुसैन को कई उपाधियाँ और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें वर्ष 1988 में पद्मश्री; वर्ष 1991 में संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार; वर्ष 1999 में राष्ट्रीय विरासत फैलोशिप; वर्ष 1998–99 और 2010–11 में इज़ाडोरा डंकन डांस अवाड्र्स; वर्ष 2002 में पद्मभूषण; वर्ष 2005–06 में कालिदास सम्मान; वर्ष 2009 में ग्रैमी अवॉर्ड; और वर्ष 2017 में एसएफ जैज़ सेंटर द्वारा प्रदान किया गया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रमुख हैं।

भारतीय संगीत में योगदान के लिए श्री ज़ाकिर हुसैन को संगीत नाटक अकादेमी का रत्न सदस्य चुना गया है।



SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



# जतिन गोस्वामी

## अकादेमी रत्न

# JATIN GOSWAMI

## Fellowship of Sangeet Natak Akademi

Born on 2 August 1933 in Dergaon, Assam, Shri Jatin Goswami was initially trained in the dance and music of the Vaishnava Sattras by his father, Shri Dharanidhar Goswami. Subsequently, he received his advanced training in the art form under Guru Maniram Dutta Muktiyar, and Roseswar Saikia Borbayan. He has also learnt ankiya bhaona, and also folk dance and music of Assam under Shri Bishnu Prasad Rabha.

Since the 1960s, Shri Goswami has also worked consistently for the propagation and development of Sattriya. He established the Pragjyoti Kala Parishad, an organization dedicated to the study of Sattriya dance traditions and he also formed a repertory company performing Sattriya dance and ankiya nats. He has created a number of experimental works as well as dance-dramas employing the Sattriya arts and presented them in various prestigious festivals within the country and abroad including Dweep Mahotsav, Andaman and Nicobar Islands; Khajuraho Dance Festival, Khajuraho; Ramlila Festival, Ayodhya; and numerous festivals organized by Sangeet Natak Akademi. A visiting lecturer at the Assam Sattriya Music College, Shri Jatin Goswami has authored several books on Sattriya dance such as *Mati Akhora*, *Nrityara Prathamik Hasta Parichay*, *Nritya Shiksha*, *Nrityara Paribhashik Sabda aru Sangya* and *Jhumura Nach Nadu Bhangee*.

He has received several honours for his contribution to Sattriya dance. These include the Best Dance Director Award conferred by the Government of Assam; the Bharatiyam Samman bestowed by the East Zone Cultural Centre; Shiromoni by Asom Sattra Mahasabha; the Sangeet Natak Akademi Award (2004); and the Padma Shri (2008).

Shri Jatin Goswami is elected Fellow of Sangeet Natak Akademi for his contribution to Indian dance.

असम के दरगांव में 2 अगस्त 1933 को जन्मे, श्री जतिन गोस्वामी ने प्रारम्भ में वैष्णव सत्रों के नृत्य और संगीत का प्रशिक्षण अपने पिता श्री धरणीधर गोस्वामी से प्राप्त किया। इसके बाद, आपने गुरु मनीराम दत्ता मुक्तियार, और रोसेश्वर सैकिया बोरबायन के सानिध्य में उन्नत प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी कला को निखारा। श्री बिष्णु प्रसाद राभा के मार्गदर्शन में आपने अंकिया भाओना, और असम के लोक नृत्य और संगीत भी सीखे।

1960 के दशक से ही श्री गोस्वामी सत्रिय नृत्य के प्रचार–प्रसार और विकास के लिए लगातार प्रयासरत् रहे हैं। आपने प्रागज्योति कला परिषद की स्थापना की, जो सत्रिय नृत्य परम्पराओं के अध्ययन को समर्पित एक संगठन है। आपने सत्रिय नृत्य और अंकिया नाटों का प्रदर्शन करने वाली एक रेपर्टरी कम्पनी की भी स्थापना की है। आपने सत्रिय कलाओं को नियोजित करने वाले कई प्रयोगात्मक कार्यों के साथ-साथ नृत्य.नाटकों का निर्माण किया है और उन्हें देश-विदेश में आयोजित विभिन्न उत्सवों में प्रस्तुत किया है। द्वीप महोत्सव, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह; खजुराहो नृत्य महोत्सव, खजुराहो; संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव, अयोध्या और अन्यान्य उत्सवों में आपने प्रस्तुतियाँ दी है। असम सत्रिय संगीत महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता, श्री जतिन गोस्वामी ने सत्रिय नृत्य पर माटी अखोरा, नृत्यारा प्राथमिक हस्त परिचय, नृत्य शिक्षा, नृत्यारा पारिभाषिक शब्द अरु संज्ञा और झुमुरा नाच नाडु भंगी जैसी कई पुस्तकों की रचना की है ।

सत्रिय नृत्य में योगदान के लिए आपको कई सम्मान मिले हैं, जिनमें असम सरकार द्वारा प्रदत्त सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशक पुरस्कार; पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा दिया गया भारतीयम सम्मान; असम सत्र महासभा द्वारा शिरोमणि; संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार (2004) और पद्मश्री (2008) शामिल हैं।

भारतीय नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री जतिन गोस्वामी को संगीत नाटक अकादेमी का रत्न सदस्य चुना गया है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## सोनल मानसिंह
### अकादेमी रत्न

## SONAL MANSINGH
### Fellowship of Sangeet Natak Akademi

Born on 30 April 1944 in Mumbai, Shrimati Sonal Mansingh has made a significant contribution to major Indian dance traditions as a performer, teacher, composer and scholar. Her choreographic works for solo and group presentations have been highly acclaimed. Shrimati Sonal Mansingh was trained by several Gurus including Odissi by Guru Kelucharan Mohapatra and Shri Jiwan Pani; Bharatanatyam by Shri U.S. Krishna Rao and Shrimati Chandrabhaga Devi; and Chhau by Guru Ananta Charan Sai. She has also received training in Hindustani and Carnatic vocal music, as well as in Odiya music.

Shrimati Sonal Mansingh has performed as a soloist and her choreographies have been presented in major dance festivals within the country and across the globe for more than six decades. She has also conducted workshops and seminars at prestigious forums in more than ninety countries. Shrimati Mansingh has groomed a number of dancers at her institution, Centre for Indian Classical Dances, in Bharatanatyam and Odissi. She has served as Chairperson of Sangeet Natak Akademi, and at present is a Member of Parliament in the Rajya Sabha.

For her outstanding contribution to Indian dance, she has received several awards and honours including the Sangeet Natak Akademi Award in 1987; Padma Bhushan in 1992; the Padma Vibhushan in 2003; and the Kameshwari bestowed by the Sri Sri Kamakhya Devalaya in 2008.

Shrimati Sonal Mansingh is elected Fellow of Sangeet Natak Akademi for her contribution to Indian dance.

मुम्बई में 30 अप्रैल 1944 को जन्मी श्रीमती सोनल मानसिंह ने कलाकार, शिक्षक, संगीतकार और विद्वान के रूप में भारत की प्रमुख नृत्य परम्पराओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एकल और सामूहिक प्रस्तुतियों के लिए आप द्वारा तैयार नृत्य संरचनाओं (कोरियोग्राफिक वर्क) को बहुत सराहा गया है। श्रीमती सोनल मानसिंह ने ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण गुरु केलुचरण महापात्र और श्री जीवन पाणि से प्राप्त किया; श्री यू.एस. कृष्णा राव और श्रीमती चंद्रभागा देवी से भरतनाट्यम सीखा; और गुरु अनंत चरण साई के सानिध्य में छउ का प्रशिक्षण लिया। आपने हिंदुस्तानी और कर्नाटक गायन संगीत के साथ–साथ उड़िया संगीत का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

श्रीमती सोनल मानसिंह ने एकल कलाकार के रूप में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और आपकी नृत्य संरचनाओं का प्रदर्शन देश-विदेश में आयोजित प्रमुख नृत्य समारोहों में छह दशकों से अधिक समय से होता रहा है। आपने नब्बे से अधिक देशों में प्रतिष्ठित मंचों पर कार्यशालाएँ और संगोष्ठियाँ आयोजित की है। श्रीमती मानसिंह ने अपनी संस्था, सेंटर फॉर इंडियन क्लासिकल डांसेज़ में कई नर्तकियों को भरतनाट्यम और ओडिसी में प्रशिक्षित किया है। आप संगीत नाटक अकादेमी की अध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में राज्यसभा की सांसद हैं।

भारतीय नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए, आपको 1987 में मिले संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार, 1992 में पद्मभूषण; 2003 में पद्मविभूषण; और 2008 में श्री श्री कामाख्या देवालय द्वारा प्रदान की गई कामेश्वरी सहित कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

भारतीय नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती सोनल मानसिंह को संगीत नाटक अकादेमी का रत्न सदस्य चुना गया है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## तिरुविदैमरुदुर कुपैय्या कल्याणसुंदरम
अकादेमी रत्न

## THIRUVIDAIMARUDUR KUPPIAH KALYANASUNDARAM
Fellowship of Sangeet Natak Akademi

Born on 1 March 1932 in Thiruvidaimarudur, Tamil Nadu, Shri Thiruvidaimarudur Kuppiah Kalyanasundaram inherited the traditions of the Thanjavur school of Bharatanatyam from his forefathers. He imbibed the art from his father Guru Kuppiah Pillai; brother, Mahalingam Pillai; brother-in-law, Govindaraja Pillai; and sister, Karunambal. He learnt Carnatic music from Alathur Panchapakesa Iyer and Shrimati Nagalakshmi; and Mridangam from Raghunatha Iyer and his brother, Marudappa Pillai.

Widely respected as a guru and choreographer, Shri Thiruvidaimarudur Kuppiah Kalyanasundaram has produced many dance-dramas on traditional themes, as well as compositions based on the works of poets in various languages such as *Jaya Shankara*, *Shakti*, *Ilakkiya Bharatham*, *Om Saravana Bhava*, to name a few. He has travelled extensively presenting his productions and conducting workshops and lecture-demonstrations within the country and abroad including U.S.A., Indonesia, Canada, Singapore, Malaysia, Mexico and Europe. Shri Kalyanasundaram has been responsible for training an array of prominent dancers of the present generation.

Among the awards he has received are the Sarngadeva Fellowship of the Sursingar Samsad (1988); Kalaimamani from the Tamil Nadu Eyal Isai Nataka Manram (1994); Sangeet Natak Akademi Award (1999-2000); Nada Brahman from Narada Gana Sabha (2016); and Natya Kalashikamani from the Indian Fine Arts Society (2017).

Shri Thiruvidaimarudur Kuppiah Kalyanasundaram is elected Fellow of Sangeet Natak Akademi for his contribution to Indian dance.

तमिलनाडु के तिरुविदैमरुदुर में 1 मार्च 1932 को जन्मे, श्री तिरुविदैमरुदुर कुपैय्या कल्याणसुंदरम को भरतनाट्यम के तंजावुर स्कूल की परम्पराएँ अपने पूर्वजों से विरासत में मिली हैं। अपने पिता गुरु कुपैय्या पिल्लई; भाई, महालिंगम पिल्लई; जीजा, गोविंदराजा पिल्लई; और बहन, करुणाम्बल से भरतनाट्यम कला को आपने आत्मसात किया है। अलातुर पंचपकेश अय्यर और श्रीमती नागलक्ष्मी से आपने कर्नाटक संगीत का प्रशिक्षण लिया; और रघुनाथ अय्यर और उनके भाई, मरुदप्पा पिल्लई से मृदंगम सीखा।

गुरु और नृत्य निर्देशक के रूप में व्यापक रूप से सम्मानित, श्री तिरुविदैमरुदुर कुपैय्या कल्याणसुंदरम ने पारम्परिक विषयों पर कई नृत्य-नाटकों का निर्माण किया है, साथ ही विभिन्न भाषाओं के कवियों यथा जय शंकर, शक्ति, इलक्किया भारतम, ओम सरवन भव आदि की कविताओं को नृत्यबद्ध किया है। आपने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनेशिया, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, मैक्सिको और यूरोप सहित देश-विदेश में व्यापक रूप से अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और कार्यशालाओं और व्याख्यान-प्रदर्शनों का आयोजन किया है। वर्तमान पीढ़ी के कई प्रतिष्ठित नर्तकों को प्रशिक्षित करने का श्रेय भी श्री कल्याणसुंदरम को जाता है।

आपको मिले पुरस्कारों में सुरसिंगार संसद द्वारा दिया गया सारंगदेव फैलोशिप (1988); तमिलनाडु इयल इसई नाटक मनरम द्वारा दिया गया कलइमामणि (1994); संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार (1999–2000); नारद गण सभा द्वारा दिया गया नाद ब्राह्मण (2016); और इंडियन फाइन आर्ट्स सोसाइटी द्वारा दिया गया नाट्य कलाशिखामणि पुरस्कार शामिल हैं।

भारतीय नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए तिरुविदैमरुदुर कुपैय्या कल्याणसुंदरम को संगीत नाटक अकादेमी का रत्न सदस्य चुना गया है।






SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

# अकादेमी पुरस्कार

## AKADEMI AWARDS (PURASKAR)

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
— 2018 —



# मणि प्रसाद

## अकादेमी पुरस्कारः हिंदुस्तानी गायन संगीत

# MANI PRASAD

## Akademi Award: Hindustani Vocal Music

Born on 4 November 1932 at Wardha, Maharashtra, Shri Mani Prasad, popularly known as Dhyan Rang Piya, received his training in Hindustani music from his grandfather Shri Shaktiram, and later learnt under the tutelage of his father Shri Sukhdev Prasad and his uncles Shri Shankar Lal and Shri Gopal Prasad, eminent exponents of the Kirana gharana.

A top grade artist of All India Radio and Doordarshan, he has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. Shri Mani Prasad has composed many bandishes under the pen name - Dhyan Rang Piya. He is equally adept in Purab Ang as well as in the Punjab Ang of Thumri. Shri Mani Prasad has been associated with many prestigious cultural institutions such as senior guru at the Centre of Creative Excellence of the Government of Meghalaya; and member of the Music Audition Board of All India Radio, Delhi. He has trained many students. Presently, Shri Mani Prasad is teaching at Gangubai Hangal Gurukul at Hubli, Karnataka thus propagating and promoting the tradition of the Kirana gharana. He has many recordings to his credit.

For his excellence in the field of Hindustani vocal music, Shri Mani Prasad has been honoured with the Rajasthan Sangeet Natak Akademi Award, among other honours.


Shri Mani Prasad receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Hindustani vocal music.

महाराष्ट्र के वर्धा में 4 नवंबर 1932 को जन्मे, श्री मणि प्रसाद, जो ध्यान रंग पिया के नाम से मशहूर हैं, ने अपने दादा श्री शक्तिराम से हिंदुस्तानी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया, और बाद में किराना घराने के मशहूर प्रतिपादकों, अपने पिता श्री सुखदेव प्रसाद और अपने चाचा श्री शंकर लाल और श्री गोपाल प्रसाद के संरक्षण में अपने गायन कौशल को निखारा।

आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष स्तर के कलाकार हैं और भारत के साथ ही विदेशों में आयोजित होने वाले कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में आपने अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। श्री मणि प्रसाद ने ध्यान रंग पिया नाम से कई बंदिशें की रचना की है। आप पूरब अंग के साथ-साथ ठुमरी के पंजाब अंग में भी समान रूप से महारत रखते हैं। श्री मणि प्रसाद कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़े रहे हैं जैसे मेघालय सरकार के सेंटर ऑफ क्रिएटिव एक्सीलेंस में वरिष्ठ गुरु और ऑल इंडिया रेडियो, दिल्ली के संगीत ऑडिशन बोर्ड के सदस्य आदि। आपने अनेक छात्रों को प्रशिक्षित किया है। वर्तमान में, श्री मणि प्रसाद कर्नाटक के हुबली में गंगूबाई हंगल गुरुकुल में पढ़ा रहे हैं और इस प्रकार किराना घराने की परम्परा का प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। आपके गायन की कई रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

हिंदुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए, श्री मणि प्रसाद को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रमुख है।

हिंदुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री मणि प्रसाद को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## मधुप मुद्गल
### अकादेमी पुरस्कारः हिंदुस्तानी गायन संगीत

## MADHUP MUDGAL
### Akademi Award: Hindustani Vocal Music

Born on 22 March 1956 at New Delhi, Shri Madhup Mudgal received his initial training in music from his father, Shri Vinaya Chandra Maudgalya, an eminent musician. Belonging to the Gwalior gharana, he was later trained under the tutelage of Shri Vasant Thakar, Pandit Jasraj and Pandit Kumar Gandharva. A top grade artist of All India Radio and Doordarshan, and the recipient of a national scholarship from the Department of Culture, Government of India, he has performed in many prestigious music festivals in India and abroad.

Shri Madhup Mudgal is an empanelled artist of I.C.C.R. He is also the conductor of the famous Gandharva Choir. He has enriched his repertoire in both classical and choral music. Shri Mudgal has been associated with many prestigious cultural institutions such as the erstwhile Department of Culture, Government of India; the Sahitya Kala Parishad, Government of NCT of Delhi; and as a member of the Executive Council of Sangeet Natak Akademi, New Delhi. Shri Mudgal has conducted many seminars and workshops in India and abroad and has trained many students. He has many recordings to his credit.

For his contribution to Hindustani music, Shri Madhup Mudgal has received many prestigious awards from various cultural institutions including the Sanskriti Award from Sanskriti Pratishthan, New Delhi (1982); and the Padma Shri conferred by the Government of India in 2006.


Shri Madhup Mudgal receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Hindustani vocal music.

नई दिल्ली में 22 मार्च 1956 को जन्मे, श्री मधुप मुद्गल ने संगीत में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण ग्वालियर घराने के प्रसिद्ध संगीतकार और अपने पिता, श्री विनय चंद्र मौदगल्य से प्राप्त किया। बाद में आपने श्री वसंत ठाकर, पंडित जसराज और पंडित कुमार गंधर्व के संरक्षण में स्वयं की दीक्षित किया। आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष स्तरीय कलाकार, और संस्कृति विभाग, भारत सरकार से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त, श्री मधुप ने भारत और विदेशों में कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं।

श्री मधुप मुद्गल राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के पैनल में शामिल कलाकार हैं। आप प्रसिद्ध गंधर्व गायक-मंडली के संयोजक भी हैं। शास्त्रीय और कोरल संगीत, दोनों में आपकी प्रस्तुतियों की सूची सुदीर्घ और समृद्ध है। श्री मुद्गल कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से, जैसे संस्कृति विभाग, भारत सरकार; साहित्य कला परिषद, दिल्ली सरकार; और संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में जुड़े रहे हैं। श्री मुद्गल ने भारत और विदेशों में कई सेमिनार और कार्यशालाएँ आयोजित की हैं और कई छात्रों को प्रशिक्षित भी किया है। आपके गायन की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।


हिंदुस्तानी संगीत में योगदान के लिए, श्री मधुप मुद्गल को विभिन्न सांस्कृतिक संस्थानों से कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं, जिसमें संस्कृति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली से संस्कृति पुरस्कार (1982); और वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा दिया गया पद्मश्री शामिल हैं।

हिंदुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मधुप मुद्गल को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## तरुण भट्टाचार्य
### अकादेमी पुरस्कारः हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (संतूर)

## TARUN BHATTACHARYA
### Akademi Award: Hindustani Instrumental Music (Santoor)

Born on 23 December 1957 at Howrah in West Bengal, Shri Tarun Bhattacharya received his initial training in Santoor from his father Shri Rabi Bhattacharya and Pandit Dulal Roy. Later he honed his skill under the tutelage of Pandit Ravi Shankar of the Maihar gharana.

Shri Tarun Bhattacharya has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. He has been involved with philanthropic and humanitarian activities. Shri Bhattacharya established the Santoor Ashram in 1994 at Kolkata. He has many recordings to his credit including the *Flame of the Forest*, *Mental Bliss*, and *Nomad Christmas*.

Shri Tarun Bhattacharya has received many titles and awards including the Bhakti Kala Kshetra Award given by ISKCON (2000); and the Sangeet Mahasamman conferred by the Government of West Bengal (2017).

Shri Tarun Bhattacharya receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Hindustani instrumental music.


SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 23 दिसंबर 1957 को जन्मे, श्री तरुण भट्टाचार्य ने अपने पिता श्री रवि भट्टाचार्य और पंडित दुलाल रॉय से संतूर का प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में आपने मैहर घराने के पंडित रविशंकर के संरक्षण में अपने कौशल को निखारा।


श्री तरुण भट्टाचार्य ने भारत और विदेशों में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। आप परोपकारी और मानवीय गतिविधियों में शामिल रहे हैं। श्री भट्टाचार्य ने सन् 1994 में कोलकाता में संतूर आश्रम की स्थापना की थी, जो अब भी विद्यमान है। आपकी फ्लेम ऑफ़ द फ़ॉरेस्ट, मेंटल ब्लिस और नोमैड क्रिसमस सहित कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

श्री तरुण भट्टाचार्य को इस्कॉन द्वारा दिए गए भक्ति कला क्षेत्र पुरस्कार (2000) और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रदत्त संगीत महासम्मान (2017) सहित कई पुरस्कार मिले हैं।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री तरुण भट्टाचार्य को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## तेजेन्द्र नारायन मजुमदार
### अकादेमी पुरस्कारः हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सरोद)

## TEJENDRA NARAYAN MAJUMDAR
### Akademi Award: Hindustani Instrumental Music (Sarod)

Born on 17 May 1961 at Kolkata in West Bengal, Shri Tejendra Narayan Majumdar received his initial training in Sarod from his grandfather Shri Bibhuti Ranjan Majumdar and father Shri Ranjan Majumdar. Later, he polished his art under the tutelage of Shri Bahadur Khan, Shri Ajay Sinha Roy and Shri Ali Akbar Khan. A top grade artist of All India Radio and Doordarshan, he has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. He belongs to the Maihar Senia gharana.

Shri Majumdar has conducted many workshops on music widely in the world. He has composed music for many Bengali films such as *Shongshoy* and *Hononkal*, and also composed music with eminent musicians including Ghulam Ali, Ajoy Chakrabarty, Rashid Khan and others. One of his composed and arranged music albums "Soul Call - Om Namoh Narayanaya" had been nominated for the Grammy Award in the year 2010. Shri Tejendra Narayan Majumdar has been associated as a member with the Expert Committee of ITC Sangeet Research Academy, Kolkata; and a Fellowship Programme of the Government of India.

Shri Majumdar has received many titles and awards including the Pandit D.V. Paluskar Award.

Shri Tejendra Narayan Majumdar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Hindustani instrumental music.



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 17 मई 1961 को जन्मे श्री तेजेन्द्र नारायन मजुमदार ने सरोद में प्रारम्भिक प्रशिक्षण अपने दादा श्री विभूति रंजन मजूमदार और पिता श्री रंजन मजूमदार से प्राप्त किया। बाद में, आपने श्री बहादुर खान, श्री अजय सिन्हा रॉय और श्री अली अकबर खान के संरक्षण में अपनी कला को निखारा। आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष स्तरीय कलाकार होने के साथ ही आपने भारत और विदेशों में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपका सम्बंध मैहर सेनिया घराने से है।

श्री मजुमदार ने देश–विदेश में बड़े पैमाने पर संगीत आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आपने कई बंगाली फिल्मों यथा शोंगशोय और होनोंकल आदि के लिए संगीत दिया है, और गुलाम अली, अजय चक्रवर्ती, राशिद खान समेत बहुत से प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ मिलकर संगीत रचना भी की है। आपके रचित और व्यवस्थित संगीत एल्बमों में से एक ''सोल कॉल–ओम नमः नारायणाय'' को वर्ष 2010 में ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। आईटीसी संगीत अनुसंधान अकादमी, कोलकाता की विशेषज्ञ समिति और भारत सरकार के एक फैलोशिप कार्यक्रम से सदस्य के रूप में भी श्री तेजेन्द्र नारायन मजुमदार जुड़े रहे हैं।

श्री मजुमदार को पंडित डी. वी. पलुस्कर पुरस्कार सहित कई उपाधियाँ और पुरस्कार मिले हैं।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री तेजेन्द्र नारायन मजुमदार को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



## अलमेलू मणी
### अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक गायन संगीत

## ALAMELU MANI
### Akademi Award: Carnatic Vocal Music

Born on 4 October 1934 at Mumbai in Maharashtra, Shrimati Alamelu Mani received her initial training in Carnatic music from Shri H.A.S. Mani; later she groomed her art under the tutelage of Shrimati T. Brinda, Shrimati T. Mukta, and Shri Tanjavur Shankara Iyer.

An A grade artist of All India Radio and Doordarshan, she has performed in many prestigious music festivals, and has conducted many seminars on music in India and abroad. Founder of the South Indian School of Music at Mumbai, she has trained many students. She has many recordings to her credit.

Shrimati Alamelu Mani has received numerous titles and awards including the Sur Mani bestowed by the Sur Singar Samsad, Mumbai (1970); the Sangeetha Sikshamani by Vashi Fine Arts Society (2009); the Smt. T. Brinda Memorial Award given by the Cleveland Thyagaraja Festival, Cleveland, USA (2012); the Acharya Chudamani conferred by the Krishna Gana Sabha, Chennai (2012); and the Guru Kripa Award bestowed by the Shankar Mahadevan Academy, Mumbai in 2018.

Shrimati Alamelu Mani receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Carnatic vocal music.



महाराष्ट्र के मुम्बई में 4 अक्टूबर 1934 को जन्मी श्रीमती अलमेलू मणी ने कर्नाटक संगीत में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण श्री एच. ए. एस. मणि से प्राप्त किया। बाद में आपने श्रीमती टी. बृंदा, श्रीमती टी. मुक्ता और श्री तंजावुर शंकर अय्यर के संरक्षण में अपनी कला को निखारा।

आप आकाशवाणी और दूरदर्शन की ए ग्रेड कलाकार हैं और आपने कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने भारत और विदेशों में संगीत पर कई सेमिनार भी आयोजित किए हैं। मुम्बई में साउथ इंडियन स्कूल ऑफ म्यूजिक की आप संस्थापक हैं और आपने बहुत से छात्रों को कर्नाटक संगीत में प्रशिक्षित भी किया है। आपके गायन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

श्रीमती अलमेलू मणी को कर्नाटक संगीत में योगदान के लिए कई उपाधियाँ और पुरस्कार मिले हैं, जिनमें सुर सिंगार संसद, मुम्बई द्वारा प्रदान किया गया सुर मणि (1970); वाशी फाइन आर्ट्स सोसाइटी द्वारा संगीत शिक्षामणि (2009); क्लीवलैंड त्यागराज फेस्टिवल, क्लीवलैंड, यूएसए (2012) द्वारा दिया गया श्रीमती टी. बृंदा मेमोरियल अवार्ड (2012); कृष्ण गण सभा, चेन्नई द्वारा प्रदान किया गया आचार्य चूड़ामणि; और वर्ष 2018 में शंकर महादेवन अकादमी, मुम्बई द्वारा प्रदान किया गया गुरु कृपा पुरस्कार प्रमुख हैं।

कर्नाटक गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती अलमेलू मणी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



# मल्लादि सूरिबाबु
## अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक गायन संगीत

# MALLADI SURIBABU
## Akademi Award: Carnatic Vocal Music

Born on 1 May 1945 at Dubacherla in Andhra Pradesh, Shri Malladi Suribabu received his initial training in music from his father Shri Malladi Sri Rama Murthy and later received advanced training under the tutelage of Shri Voleti Venkateswarlu and Shri Sripada Pinakapani.

A top grade artist of All India Radio in light music and belonging to Pinakapani's Bani of Carnatic Music, Shri Malladi Suribabu has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. He has conducted many workshops on Carnatic music. Besides, he has also published many books on music such as *Notations of Bhadrachala Ramadasu Keertanas* and *Notations of Tarangams of Narayana Theertha*. Shri Suribabu has worked as a programme announcer in All India Radio, Vijayawada and has presented special programmes on Vividh Bharati based on traditional Carnatic music, titled *Raga Ragini*. He has many recordings to his credit.

Shri Malladi Suribabu has received many titles and awards including the Kalaratna conferred by the Government of Andhra Pradesh (2013); the T.T.K. Award bestowed by the Madras Music Academy (2014); and the Sangeetha Vidyanidhi given by the Andhra Music Academy (2018).

Shri Malladi Suri Babu receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Carnatic vocal music.



आंध्र प्रदेश के दुबचेरला में 1 मई 1945 को जन्मे, श्री मल्लादि सूरिबाबु ने संगीत में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण अपने पिता श्री मल्लादि श्री राममूर्ति से प्राप्त किया और बाद में श्री वोलेटी वेंकटेश्वरलु और श्री श्रीपद पिनाकपाणि के संरक्षण में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आकाशवाणी में सुगम संगीत के शीर्ष स्तरीय कलाकार और कर्नाटक संगीत के पिनाकपाणि की बानी से सम्बद्ध श्री मल्लादि सूरिबाबु ने भारत और विदेशों में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने कर्नाटक संगीत पर कई कार्यशालाएँ आयोजित की हैं। इसके अतिरिक्त, आपने संगीत पर कई पुस्तकों, यथा भद्राचल रामदासु कीर्तन के नोटेशन और नारायण तीर्थ के तरंगम के नोटेशन की रचना की है। श्री सूरिबाबु ने आकाशवाणी के विजयवाड़ा केन्द्र में कार्यक्रम उद्घोषक के रूप में भी काम किया है और विविध भारती के लिए पारम्परिक कर्नाटक संगीत पर आधारित विशेष कार्यक्रम राग रागिनी के आप प्रस्तोता रहे हैं। आपके गायन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

श्री मल्लादि सूरिबाबु को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त कलारत्न (2013) सहित कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिनमें मद्रास संगीत अकादमी द्वारा प्रदान किया गया टी. टी. के. पुरस्कार (2014); और आंध्र संगीत अकादमी द्वारा दी गई संगीत विद्यानिधि (2018) की उपाधि प्रमुख हैं।

कर्नाटक गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मल्लादि सूरिबाबु को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018





# एस. कासिम और एस. बाबू (संयुक्त पुरस्कार)

## अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक वाद्य संगीत (नागस्वरम)

# S. KASIM & S. BABU

## Akademi Award: Carnatic Instrumental Music (Nagaswaram)

Shri S. Kasim and Shri S. Babu are a unique team of brothers who have been performing Carnatic instrumental music – Nagaswaram since many years. Shri S. Kasim was born on 20 April 1962, and Shri S. Babu was born on 19 October 1964 at Karavadi village of Prakasam district in Andhra Pradesh. They received training in Nagaswaram under the tutelage of their grandfather, Sheik Chinna Moulana.

Top grade artists of All India Radio and Doordarshan, they have been presenting duet Nagaswaram concerts throughout the world for the last more than 20 years. Shri Kasim and Shri Babu have performed in many prestigious music festivals in India and abroad. The brothers have conducted many workshops and seminars around the world on Nagaswaram. They have many recordings to their credit.

Shri S. Kasim and Shri S. Babu have received many awards including the Kalasaraswathy award given by Mother Teresa (1987); the Kalaimamani award conferred by the Government of Tamil Nadu (2003); and the Asthana Vidwan by Tirumala Tirupati Devasthanams, Tirupati.

Shri S. Kasim and Shri S. Babu receive the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 jointly for their contribution to Carnatic instrumental music.



श्री एस. कासिम और श्री एस. बाबू बंधुओं की अनूठी जोड़ी है जो कई वर्षों से कर्नाटक वाद्य संगीत– नागस्वरम की प्रस्तुतियाँ दे रही है। श्री एस. कासिम का जन्म 20 अप्रैल 1962 को और श्री एस. बाबू का जन्म 19 अक्टूबर 1964 को आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के करावाड़ी गांव में हुआ और दोनों ने अपने दादा शेख चिन्ना मौलाना के संरक्षण में नागस्वरम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आप दोनों आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष स्तरीय कलाकार हैं, और पिछले 20 से भी अधिक वर्षों से विश्व स्तर पर युगल नागस्वरम संगीत की प्रस्तुतियाँ देते आ रहे हैं। श्री कासिम और श्री बाबू ने भारत और विदेशों में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। नागस्वरम पर दोनों बंधुओं ने दुनिया भर में कई कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित किए हैं। आपके वादन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

मदर टेरेसा द्वारा कलासरस्वती पुरस्कार (1987); तमिलनाडु सरकार द्वारा कलईमामणि पुरस्कार (2003); और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति द्वारा अस्थाना विद्वान सहित कई पुरस्कारों और सम्मानों से श्री एस. कासिम और श्री एस. बाबू को सम्मानित किया गया है।

कर्नाटक वाद्य संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री एस. कासिम और श्री एस. बाबू को संयुक्त रूप से वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018





# गणेश राजगोपालन और कुमरेश राजगोपालन (संयुक्त पुरस्कार)

### अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक वाद्य संगीत (वायलिन)

## GANESH & KUMARESH RAJAGOPALAN

### Akademi Award: Carnatic Instrumental Music (Violin)

Shri Ganesh Rajagopalan and Shri Kumaresh Rajagopalan are a unique team of brothers who have been performing Carnatic instrumental music – violin for quite many years now. Born on 3 April 1965 and 21 February 1967 respectively at Kanpur, Uttar Pradesh, Shri Ganesh Rajagopalan and Shri Kumaresh Rajagopalan received training in Carnatic music (violin) from their father Shri T.S. Rajagopalan. Shri Ganesh Rajagopalan has also learnt Carnatic vocal music.

Shri Ganesh and Shri Kumaresh have participated in many prestigious music festivals, seminars and conferences of music in India and overseas, and have published many articles on Carnatic music. They have been associated with many prestigious cultural institutions. Top grade artists of All India Radio, both have performed in many prestigious music festivals in India and abroad. They have many recordings to their credit.

For their excellence in the field of Carnatic music, Shri Ganesh and Shri Kumaresh have been honoured with many titles and awards. These include the Kalaimamani award conferred by the Government of Tamil Nadu (1997); the Asthana Vidwan of Kanchi Kamakoti Peetham (1998); the GIMA Award given by the Global Indian Music Academy (2011); the Lifetime Achievement Award bestowed by the Bharatiya Vidya Bhavan (2012); the Academy of Music Chowdiah Award, Bangalore (2016); and the Lifetime Achievement Award given by Karthik Fine Arts, Chennai (2019).

Shri Ganesh Rajagopalan and Shri Kumaresh Rajagopalan receive the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 jointly for their contribution to Carnatic instrumental music.





श्री गणेश राजगोपालन और श्री कुमरेश राजगोपालन बंधुओं की अनूठी जोड़ी पिछले कई वर्षों से कर्नाटक वाद्य संगीत–वायलिन वादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। कानपुर, उत्तर प्रदेश में क्रमशः 3 अप्रैल 1965 और 21 फरवरी 1967 को जन्मे श्री गणेश राजगोपालन और श्री कुमरेश राजगोपालन ने कर्नाटक वाद्य संगीत (वायलिन) का प्रशिक्षण अपने पिता श्री टी. एस. राजगोपालन से प्राप्त किया है। श्री गणेश राजगोपालन ने कर्नाटक गायन संगीत भी सीखा है।


राजगोपालन बंधुओं ने भारत और विदेशों में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों, सेमिनारों और संगीत सम्मेलनों में भाग लिया है और कर्नाटक संगीत पर आपके लिखे कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं। आप दोनों भाई कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़े रहे हैं। आप दोनों आकाशवाणी के शीर्ष स्तरीय कलाकार हैं और आपके वादन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए राजगोपालन बंधुओं को कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रदत्त कलईमामणि पुरस्कार (1997); कांची कामकोटि पीठम द्वारा अस्थाना विद्वान (1998); ग्लोबल इंडियन म्यूजिक एकेडमी द्वारा दिया गया जीआईएमए अवार्ड (2011); भारतीय विद्या भवन द्वारा प्रदान किया गया लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (2012); संगीत अकादमी चौडिया पुरस्कार, बैंगलोर (2016); और कार्तिक फाइन आट्र्स, चेन्नई द्वारा दिया गया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2019) शामिल हैं।

कर्नाटक वाद्य संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री गणेश राजगोपालन और श्री कुमरेश राजगोपालन को संयुक्त रूप से वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## सुरेश ईश्वरा वाडकर
### अकादेमी पुरस्कारः संगीत की अन्य प्रमुख परम्पराएँ (सुगम संगीत)

## SURESH E. WADKAR
### Akademi Award: Other Major Traditions of Music - Sugam Sangeet

Born on 7 August 1955 at Mumbai in Maharashtra, Shri Suresh E. Wadkar is a renowned playback singer of Bollywood. He has received his training in music from Shri Parashvnath Digreskar and later honed his talent under the tutelage of Acharya Jialal Vasant. Shri Wadkar also learnt Tabla, Sitar and Kathak dance.

Shri Wadkar has lent his voice to over 500 films in different languages under almost all the eminent music directors of India such as Laxmikant Pyarelal, R.D. Burman and others. Shri Wadkar has established an academic institute namely Shrimati Savitri Vasant High School dedicated to his guru Acharya Jialal Vasant. He has many non-film music albums in various regional languages to his credit. He has trained many students.

Shri Suresh Wadkar has received several awards including the Lata Mangeshkar Award from the Government of Madhya Pradesh; the Surmani Award bestowed by the Sur Singar Samsad, Mumbai; and the Honorary Citizenship of Yuba City, USA, and of Hong Kong.

Shri Suresh E. Wadkar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Sugam Sangeet.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

महाराष्ट्र के मुम्बई में 7 अगस्त 1955 को जन्मे, श्री सुरेश ईश्वरा वाडकर बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक हैं। आपने श्री पार्श्वनाथ दिग्रेस्कर से संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में आचार्य जियालाल वसंत के संरक्षण में अपनी प्रतिभा को निखारा। श्री वाडकर तबला वादन, सितार वादन और कथक नृत्य में भी प्रशिक्षित हैं।

श्री वाडकर ने भारत के लगभग सभी प्रख्यात संगीत निर्देशकों यथा लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, आर डी बर्मन आदि के साथ काम किया है और विभिन्न भाषाओं में 500 से अधिक फिल्मों में अपनी आवाज़ दी है। श्री वाडकर ने श्रीमती सावित्री वसंत हाई स्कूल नाम से एक शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की है, जिसे अपने गुरु आचार्य जियालाल वसंत को समर्पित किया है। आपने विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में कई गैर-फिल्मी संगीत एल्बम भी तैयार किए हैं। आपने कई छात्रों को संगीत में प्रशिक्षित भी किया है।

श्री सुरेश ईश्वरा वाडकर को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लता मंगेशकर पुरस्कार; सुर सिंगार संसद, मुम्बई द्वारा सुरमणि पुरस्कार; और यूबा सिटी, अमेरिका और हांगकांग की मानद् नागरिकता समेत कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

सुगम संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री सुरेश ईश्वरा वाडकर को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## शांति हीरानंद
### अकादेमी पुरस्कारः संगीत की अन्य प्रमुख परम्पराएँ (सुगम संगीत)

## SHANTI HIRANAND
### Akademi Award: Other Major Traditions of Music – Sugam Sangeet

Born on 29 October 1932 at Lucknow in Uttar Pradesh, Shrimati Shanti Hiranand received her initial training in music from Shri Aijaz Hussain Khan of Rampur gharana and later trained under the tutelage of the celebrated Begum Akhtar. She belonged to the Rampur gharana initially, and subsequently to the Kirana gharana and Lucknow Ang of Thumri gayaki.

Shrimati Hiranand had performed in many prestigious music festivals in India and abroad. She had also conducted many workshops and lecture-demonstrations during many seminars within the country and abroad. She had authored many books including *Begum Akhtar – The Story of my Ammi*. Shrimati Shanti Hiranand had trained many students. She was the founder of Begum Akhtar Grave Trust, Lucknow (Uttar Pradesh); and had also associated with many prestigious cultural institutions such as I.C.C.R. and All India Radio. She had many recordings to her credit.

For her excellence in the field of Sugam Sangeet, Shrimati Shanti Hiranand received numerous titles and awards including the Lifelong Achievement Award conferred by the Sindhi Academy; the Sahitya Kala Parishad Award bestowed by the Government of NCT of Delhi; and the Padma Shri conferred by the Government of India (2007).

To our deep regret, Shrimati Shanti Hiranand passed away on 10 April 2020 at Gurugram after her selection as Sangeet Natak Akademi Awardee by the General Council of the Akademi. The Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 is conferred on Shrimati Shanti Hiranand for her contribution to Hindustani Sugam Sangeet.

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 29 अक्टूबर 1932 को जन्मी श्रीमती शांति हीरानंद ने संगीत का प्रारम्भिक प्रशिक्षण रामपुर घराने के श्री एजाज हुसैन खान से प्राप्त किया और बाद में सुप्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर के संरक्षण में अपनी गायिकी को निखारा। आप शुरू–शुरू में रामपुर घराने से जुड़ी थीं, लेकिन बाद में आपने किराना घराना और ठुमरी गायकी के लखनऊ अंग को अपना लिया था।

श्रीमती हीरानंद ने देश-विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी थी। आपने देश.विदेश में बहुत सी संगोष्ठियों के दौरान कार्यशालाओं और व्याख्यान-प्रदर्शनों का भी आयोजन किया था। आपने बेगम अख्तर–द स्टोरी ऑफ माई अम्मी समेत कई पुस्तकों की रचना की थी। श्रीमती शांति हीरानंद ने कई छात्रों को संगीत में प्रशिक्षित भी किया था। आप बेगम अख्तर ग्रेव ट्रस्ट, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) की संस्थापक थीं; और कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों यथा आई. सी. सी. आर. और आकाशवाणी आदि से भी जुड़ी रही थीं। आपके गायन की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

सुगम संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती शांति हीरानंद को अनेक पुरस्कारों व उपाधियों से सम्मानित किया गया था, जिनमें सिंधी एकेडमी द्वारा दिया गया लाइफलौंग अचीवमंट अवॉर्ड; राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किया गया साहित्य कला परिषद पुरस्कार; और भारत सरकार द्वारा दिया गया पद्मश्री सम्मान प्रमुख हैं।

अकादेमी की महापरिषद द्वारा वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार के लिए चयन के बाद श्रीमती शांति हीरानंद का 10 अप्रैल 2020 को गुरुग्राम में निधन हो गया। हमें इसका गहरा खेद है। सुगम संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती शांति हीरानंद को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।




SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



# हेसनाम असंबि देवी

## अकादेमी पुरस्कार:संगीत की अन्य प्रमुख परम्पराएँ – नट संकीर्तन (मणिपुर)

# HEISNAM ASHANGBI DEVI

## Akademi Award: Other Major Traditions of Music - Nata Sankirtana (Manipur)

Born on 20 October 1928 at Thanga Heisnam Leikei in Manipur, Shrimati Heisnam Ashangbi Devi is a well-known Nata Sankirtana artist of Manipur. She has received rigorous training under legendary gurus such as Shri Pukhrambam Anuba Singh, Shri Kalachand Shastri, Shri Tenu Singh, Shri Ngangom Jugindro, and Shri Gadi.

An approved artist in Nata Sankirtana from All India Radio and Doordarshan, Imphal; Shrimati Heisnam Ashangbi Devi has been associated with many prestigious cultural institutions including the Rashesori Manipuri Kalakshetra as Secretary and Director. She has performed in many prestigious music festivals widely in the country.

For her excellence in the field of Nata Sankirtana, Shrimati Heisnam Ashangbi Devi has been honoured with many prestigious titles and awards including the Mathur Sheishak given by the Maharaja of Manipur (1952); and the Sangeet Ratna conferred by the Manipuri Sahitya Parishad (2011). She has conducted many seminars and workshops on Nata Sankirtana in the country.

Shrimati Heisnam Ashangbi Devi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Nata Sankirtana of Manipur.

मणिपुर के थंगा हेसनाम लेइकेई में 20 अक्टूबर 1928 को जन्मी श्रीमती हेसनाम असंबि देवी मणिपुर की एक प्रसिद्ध नट संकीर्तन कलाकार हैं। आपने श्री पुखरम्बम अनुबा सिंह, श्री कलाचंद शास्त्री, श्री तेनु सिंह, श्री नगंगोम जुगिंद्रो और श्री गाडी जैसे महान गुरुओं के अधीन व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त किया है।


श्रीमती हेसनाम असंबि देवी आकाशवाणी और दूरदर्शन, इम्फाल की नट संकीर्तन की मान्यता प्राप्त कलाकार हैं और सचिव और निदेशक के रूप में राशेसरी मणिपुरी कलाक्षेत्र सहित कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़ी रही हैं। आपने देश में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में व्यापक रूप से अपनी प्रस्तुतियाँ दी है।

नट संकीर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए, श्रीमती हेसनाम असंबि देवी को मणिपुर के महाराजा द्वारा दिए गए माथुर शैशक (1952) और मणिपुरी साहित्य परिषद द्वारा संगीत रत्न (2011) सहित कई प्रतिष्ठित उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। आपने देश के विभिन्न हिस्सों में नट संकीर्तन पर कई सेमिनार और कार्यशालाएँ आयोजित की हैं।

मणिपुर के नट संकीर्तन के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती हेसनाम असंबि देवी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



# राधा श्रीधर
## अकादेमी पुरस्कारः भरतनाट्यम

# RADHA SRIDHAR
## Akademi Award: Bharatanatyam

Born on 9 February 1938 at Tumkur in Karnataka, Shrimati Radha Sridhar received her training in Bharatanatyam under several gurus including Shri H.R. Keshava Murthy, Shri U.S. Krishna Rao, Shrimati Chandrabhaga Devi, and Shri Muttiah Pillai. She has also received training in Abhinaya under Venkatalahshamma, and studied Carnatic music under gurus Pallavi Chandrasingh, B.G. Krishnamurthy and G. Chennamma.

Shrimati Radha Sridhar has performed and conducted workshops at prestigious platforms within the country and abroad. She established her institution, Venkatesha Natya Mandira in 1969 at Bangalore and imparted training in Bharatanatyam to numerous young dancers. Many of her students have distinguished themselves in the field. Shrimati Sridhar has choreographed enormous number of traditional dance items and dance-dramas including *Ramayana*, *Navavidha Bhakti*, *Geetha Govinda* and *Srinivasa Kalyana*. She has presented her dance productions at prestigious festivals within the country and abroad including U.A.E., U.S.A. and U.K.

Shrimati Radha Sridhar has received several honours and awards such as Karnataka Kalathilaka conferred by Sangeetha Nruthya Academy (1993); and Kannada Rajotsava (1995), and Shanthala Natya Prashasti (2012) by the Government of Karnataka.

Shrimati Radha Sridhar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Bharatanatyam.

कर्नाटक के तुमकुर में 9 फरवरी 1938 को जन्मी श्रीमती राधा श्रीधर ने भरतनाट्यम में श्री एच. आर. केशव मूर्ति, श्री यू. एस. कृष्ण राव, श्रीमती चंद्रभागा देवी और श्री मुथैया पिल्लई सहित कई गुरुओं के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने वेंकटलाशम्मा के अधीन अभिनय में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, और गुरु पल्लवी चंद्रसिंह, बी. जी. कृष्णमूर्ति और जी. चेन्नम्मा के सानिध्य में कर्नाटक संगीत का अध्ययन भी किया है।

श्रीमती राधा श्रीधर ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर न केवल अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं बल्कि कार्यशालाओं का संचालन भी किया है। आपने सन् 1969 में बैंगलोर में अपनी संस्था वेंकटेश नाट्य मंदिर की स्थापना की थी और तब से युवा नर्तकियों को भरतनाट्यम का प्रशिक्षण देती आ रही हैं। आपके कई छात्रों ने भरतनाट्यम के क्षेत्र में स्वयं को प्रतिष्ठित भी किया है। श्रीमती श्रीधर ने रामायण, नवविधा भक्ति, गीत गोविंद और श्रीनिवास कल्याण सहित कई पारम्परिक नृत्य प्रस्तुतियों और नृत्य-नाटकों को कोरियोग्राफ किया है। आपने यूएई, अमेरिका और इंग्लैंड सहित देश-विदेश में आयोजित प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में अपनी नृत्य प्रस्तुतियाँ दी है।

श्रीमती राधा श्रीधर को कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें संगीत नृत्य अकादमी द्वारा प्रदत्त कर्नाटक कलातिलक (1993); और कर्नाटक सरकार द्वारा कन्नड़ राजोत्सव (1995) और शांतला नाट्य प्रशस्ति (2012) प्रमुख हैं।

भरतनाट्यम के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती राधा श्रीधर को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



# मौलिक शाह और इषिरा परिख
## अकादेमी पुरस्कारः कथक

# MAULIK SHAH & ISHIRA PARIKH
## Akademi Award: Kathak

Shri Maulik Shah was born on 3 September 1958 in Tatan, Gujarat and Shrimati Ishira Parikh was born on 11 March 1962 in Mumbai, Maharashtra. Both of them have been groomed as Kathak dancers under Shrimati Kumudini Lakhia at Kadamb in Ahmedabad.

Shri Maulik Shah and Shrimati Ishira Parikh have performed at reputed festivals both nationally and internationally. They have travelled to over forty countries for their duet performances as well as choreographic presentations. They are the founders of Anart Foundation – a cultural institution which has contributed significantly in creating a rich cultural environment in Gujarat by bringing the dance world to perform in Ahmedabad, by organizing workshops, and by providing financial support to the young talent. Maulik, Ishira, and Aanart Dance Company were invited to perform in the prestigious Kuopio Dance Festival in Finland and in the Opening Ceremony of The Festival of India at Kremlin Theatre, Moscow.

They are recipients of many prestigious awards including Gaurav Puraskar by the Government of Gujarat and Sringarmani by Sur Singar Samsad.

Shri Maulik Shah and Shrimati Ishira Parikh receive the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 jointly for their contribution to Kathak dance.

श्री मौलिक शाह का जन्म 3 सितंबर 1958 को टाटन, गुजरात में और श्रीमती इषिरा परिख का जन्म 11 मार्च 1962 को मुम्बई, महाराष्ट्र में हुआ था। दोनों ने अहमदाबाद के कदम्ब में श्रीमती कुमुदिनी लाखिया के मार्गदर्शन में कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री मौलिक शाह और श्रीमती इषिरा परिख ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने अपनी युगल प्रस्तुतियों के साथ ही कोरियोग्राफिक प्रस्तुतियों के लिए चालीस से अधिक देशों की यात्रा की है। आप दोनों एनार्ट फाउंडेशन के संस्थापक हैं जो कि एक सांस्कृतिक संस्था है, जिसने अहमदाबाद में नृत्य जगत के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं के आयोजन और युवा प्रतिभाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके गुजरात में एक समृद्ध सांस्कृतिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मौलिक, इषिरा और एनार्ट डांस कंपनी को फिनलैंड में प्रतिष्ठित ''कुओपियो डांस फेस्टिवल'' और क्रेमलिन थिएटर, मॉस्को में द फेस्टिवल ऑफ इंडिया के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था।

आपको गुजरात सरकार द्वारा गौरव पुरस्कार और सुर सिंगार संसद द्वारा श्रृंगारमणि सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

कथक नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मौलिक शाह और श्रीमती इषिरा परिख को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## अखाम लक्ष्मी देवी
अकादेमी पुरस्कारः मणिपुरी

## AKHAM LAKSHMI DEVI
Akademi Award: Manipuri

Born on 1 May 1952 in Imphal, Manipur, Shrimati Akham Lakshmi Devi received her training in Manipuri dance under Gurus Amubi Singh, Tomba Singh and Th. Babu Singh. Later she specialized in the art form from Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy, Imphal.

Shrimati Akham Lakshmi Devi has performed in several prestigious dance festivals such as the Bhagyachandra national dance festival, dance festivals organized by the Manipur State Kala Akademi, and by Sangeet Natak Akademi. She has won critical acclaim as a dancer for performance in the dance productions of Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy, Imphal such as *Keibul Lamjao*, *Ramayan*, *Lei Langba*, *Moirang Sha* and *Geet Govinda*. She has played major roles in most of the dance-drama productions of JNMDA's production unit from 1979 to 2012. Shrimati Lakshmi has toured extensively with the production unit of JNMDA both in India and abroad for performances in France, erstwhile USSR, U.K., China, Korea, South Africa, Sri Lanka, etc.

Shrimati Akham Lakshmi Devi has received several honours including the Manipur State Kala Akademi Award (2010), and the Nritya Bhusan (2014).

Shrimati Akham Lakshmi Devi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Manipuri dance.

इंफाल, मणिपुर में 1 मई 1952 को जन्मी श्रीमती अखाम लक्ष्मी देवी ने अमुबी सिंह, तोम्बा सिंह और ठ. बाबू सिंह के मार्गदर्शन में मणिपुरी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में आपने जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी, इंफाल से इस कला में विशेषज्ञता प्राप्त की।

श्रीमती अखाम लक्ष्मी देवी ने कई प्रतिष्ठित नृत्य उत्सवों यथा भाग्यचंद्र राष्ट्रीय नृत्य उत्सव, मणिपुर राज्य कला एकेडमी और संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित नृत्य उत्सवों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी, इम्फाल की नृत्य प्रस्तुतियों यथा केइबुल लमजाओ, रामायण, लेई लांगबा, मोइरंग शा और गीत गोविन्द के माध्यम से बतौर नृत्यांगना आलोचकों की प्रशंसा अर्जित की है। आपने 1979 से 2012 तक जेएनएमडीए की उत्पादन इकाई के अधिकांश नृत्य-नाटकों में प्रमुख भूमिकाएँ अदा की हैं। श्रीमती लक्ष्मी ने फ्रांस, तत्कालीन यूएसएसआर, इंग्लैंड, चीन, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका आदि देशों के साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जेएनएमडीए की उत्पादन इकाई के सदस्य के रूप में बड़े पैमाने पर प्रस्तुतियों के लिए यात्राएँ की है।

श्रीमती अखाम लक्ष्मी देवी को मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार (2010), और नृत्य भूषण (2014) सहित कई सम्मान मिले हैं।

मणिपुरी नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती अखाम लक्ष्मी देवी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## सुरुपा सेन
### अकादेमी पुरस्कारः ओडिसी नृत्य

## SURUPA SEN
### Akademi Award: Odissi Dance

Born on 22 November 1969 at Bareilly in Uttar Pradesh, Shrimati Surupa Sen received her training in Odissi dance under several Gurus including Kelucharan Mohapatra, Protima Gauri, Bichitranandan Swain and Ratikant Mohapatra. She has also received training in Abhinaya under Kalanidhi Narayanan, and studied the *Natyashastra* under Padma Subrahmanyam.

Shrimati Surupa Sen has performed extensively in many prestigious dance festivals within the country and abroad including the dance festivals organized by Sangeet Natak Akademi. She has choreographed several productions for Nrityagram and presented them at prestigious festivals such as the 25th Anniversary Celebrations of Joyce Theatre; Jacob's Pillow Dance Festival; and Edinburgh International Festival. She has travelled to U.S.A., U.K., Australia, Sri Lanka and the far-east countries. Presently, she is the Artistic Director and Choreographer at Nrityagram, Bengaluru.

Shrimati Surupa Sen has received several honours and awards such as Award for Excellence by the Raaza Foundation in 2006; Yagnaraman Award in 2008; and the Nrutya Choodamani in 2011 by Krishna Gana Sabha.

Shrimati Surupa Sen receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Odissi dance.

उत्तर प्रदेश के बरेली में 22 नवंबर 1969 को जन्मी श्रीमती सुरुपा सेन ने केलुचरण महापात्र, प्रोतिमा गौरी, बिचित्रानंदन स्वैन और रतिकांत महापात्रा सहित कई गुरुओं के सानिध्य में ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने कलानिधि नारायणन के मार्गदर्शन में अभिनय का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है, और पद्म सुब्रह्मण्यम के अधीन नाट्यशास्त्र का अध्ययन किया है।

श्रीमती सुरुपा सेन ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित नृत्य उत्सवों सहित देश-विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित नृत्य उत्सवों में व्यापक रूप से अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने नृत्यग्राम के लिए कई प्रस्तुतियों को कोरियोग्राफ किया है और उन्हें जॉयस थिएटर की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह; जैकब्स पिलो डांस फेस्टिवल; और एडिनबर्ग इंटरनेशनल फेस्टिवल समेत कई प्रतिष्ठित समारोहों में प्रस्तुत भी किया है। आपने अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और सुदूर.पूर्वी देशों की यात्राएँ की हैं। वर्तमान में, आप नृत्यग्राम, बेंगलुरु में कलात्मक निदेशक और कोरियोग्राफर हैं।

श्रीमती सुरुपा सेन को कई सम्मान और पुरस्कार मिले हैं जिनमें वर्ष 2006 में रज़ा फाउंडेशन द्वारा दिया गया उत्कृष्टता पुरस्कार; 2008 में मिला यज्ञरमन पुरस्कार; और कृष्ण गण सभा द्वारा 2011 में दिया गया नृत्य चूड़ामणि पुरस्कार प्रमुख हैं।

ओडिसी नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती सुरुपा सेन को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## टंकेस्वर हजारिका बरबायन

अकादेमी पुरस्कारः सत्रिय

## TANKESWAR HAZARIKA BORBAYAN

Akademi Award: Sattriya

Born on 13 November 1958 at Sonari Gaon in Nagaon District of Assam, Shri Tankeswar Hazarika Borbayan received his training in Sattriya dance and its allied forms under Gurus Rameswar Khataniyar, Ghanakanta Borbayan, Joynath Burabhakat, Sunaram Pathak and Harinath Borgayan.

Shri Tankeswar Hazarika Borbayan is today among the senior performers and teachers of Sattriya dance. He has performed and conducted seminars and workshops extensively in several prestigious festivals including the events organized by Sangeet Natak Akademi such as Nritya Sangam, Imphal (2006); Nritya Pratibha, Aurangabad (2008); and Nritya Parva, Guwahati (2010). An outstanding teacher, he has trained a generation of students at several institutions including the Dibrugarh University.

Shri Tankeswar Hazarika Borbayan has received several awards and honours including the Silpi Siromoni bestowed by the Sahitya Sabha, Jorhat (2014), and Dr Jagannath Mahanta Award by Dr Jagannath Mahanta Suwarani Mancha (2019).

Shri Tankeswar Hazarika Borbayan receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Sattriya dance.

असम के नगांव जिले के सोनारी गांव में 13 नवंबर 1958 को जन्मे, श्री टंकेस्वर हजारिका बरबायन ने गुरु रामेश्वर खतनियार, घनकांत बोरबायन, जोयनाथ बुराभकत, सुनाराम पाठक और हरिनाथ बोरगायन के मार्गदर्शन में सत्रिय नृत्य और इससे सम्बद्ध रूपों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री टंकेस्वर हजारिका बरबायन आज सत्रिय नृत्य के वरिष्ठ कलाकारों और शिक्षकों में शुमार किए जाते हैं। आपने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों जैसे नृत्य संगम, इंफाल (2006); नृत्य प्रतिभा, औरंगाबाद (2008); और नृत्य पर्व, गुवाहाटी (2010) सहित कई प्रतिष्ठित नृत्य उत्सवों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और बड़े पैमाने पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का संचालन भी किया है। आपने डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों में उत्कृष्ट नृत्य शिक्षक के रूप में छात्रों की एक नई पीढ़ी को प्रशिक्षित किया है।

श्री टंकेस्वर हजारिका बरबायन को साहित्य सभा, जोरहाट द्वारा शिल्पी सिरोमोनी (2014) और डॉ. जगन्नाथ महंत सुवर्णी मंच द्वारा डॉ. जगन्नाथ महंत पुरस्कार (2019) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

सत्रिय नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री टंकेस्वर हजारिका बरबायन को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## गोपिका वर्मा
### अकादेमी पुरस्कारः मोहिनीआट्टम

## GOPIKA VARMA
### Akademi Award: Mohiniattam

Born on 11 July 1969 at Trivandrum in Kerala, Shrimati Gopika Varma received her initial training in Mohiniattam under Gurus Kalyanikutty Amma, Chandrika Kurup, Girija, Sreedevi Rajan and Kalamandalam Sugandhi. She has also studied other aspects of dance such as Abhinaya and Sopanam music from Shri Kalamandalam Krishnan Nair and Shri Kavalam Narayana Panikkar.

Shrimati Gopika has performed extensively at various festivals, sabhas and temples in India and abroad including the dance festivals organized by Sangeet Natak Akademi. She has established a Mohiniattam dance school named "Dasyam" at Chennai, with a vision to promote and develop Mohiniattam outside Kerala by imparting training to young dancers.

Shrimati Gopika Varma has received various awards and honours including Kalaimamani conferred by the Tamil Nadu Government; Nritya Choodamani conferred by Krishna Gana Sabha; and the Kerala Sangeetha Nataka Akademi award.

Shrimati Gopika Varma receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Mohiniattam.

केरल के त्रिवेंद्रम में 11 जुलाई 1969 को जन्मी, श्रीमती गोपिका वर्मा ने गुरु कल्याणीकुट्टी अम्मा, चंद्रिका कुरुप, गिरिजा, श्रीदेवी राजन और कलामंडलम सुगंधी के मार्गदर्शन में मोहिनीआट्टम का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने श्री कलामंडलम कृष्णन नायर और श्री कवलम नारायण पणिक्कर से अभिनय और सोपानम संगीत जैसे नृत्य के अन्य पहलुओं का भी ज्ञान प्राप्त किया है।

श्रीमती गोपिका ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित नृत्य उत्सवों सहित देश-विदेश में आयोजित विभिन्न उत्सवों, सभाओं और मंदिरों में बड़े पैमाने पर नृत्य प्रस्तुतियाँ दी है। आपने युवा नर्तकों को प्रशिक्षण प्रदान करके केरल के बाहर मोहिनीआट्टम को बढ़ावा देने और विकसित करने की दृष्टि से, चेन्नई में ''दश्यम'' नामक एक मोहिनीआट्टम नृत्य विद्यालय की स्थापना भी की है।

श्रीमती गोपिका वर्मा को तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रदान किए गए कलइमामणि, कृष्ण गण सभा द्वारा प्रदान किए गए नृत्य चूड़ामणि; और केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों से अलंकृत किया गया है।

मोहिनीआट्टम के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती गोपिका वर्मा को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## दीपक मजुमदार
### अकादेमी पुरस्कारः समकालीन नृत्य

## DEEPAK MAZUMDAR
### Akademi Award: Contemporary Dance

Born on 14 February 1956 at Mumbai in Maharashtra, Shri Deepak Mazumdar received his training in Bharatanatyam under Gurus Kanak Rele and T.S. Kadhirvelu Pillai at the Nalanda Nritya Mahavidyalaya, Mumbai. He holds a Master's degree in Fine Arts from the University of Mumbai.

In his long career as a teacher and performer, he has performed and conducted seminars and workshops in several prestigious festivals within the country and abroad. He has several choreographic works to his credit based on Sangam poetry, Gatha Saptasathi, Haveli Sangeet, and the saint poets of India. Shri Deepak has imparted training in Bharatanatyam to many dancers who are now established nationally. He is the Founder Director of the Shiladhish Art and Research Institute in Mumbai.

Shri Deepak Mazumdar has received several awards and honours including the Maharashtra Gaurav; Kala Ratna by the Government of Andhra Pradesh; and Acharya Nritya Sundaram by the Bharatanjali Trust, Chennai.

Shri Deepak Mazumdar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to contemporary dance.

महाराष्ट्र के मुंबई में 14 फरवरी 1956 को जन्मे श्री दीपक मजुमदार ने नालंदा नृत्य महाविद्यालय, मुंबई में गुरु कनक रेले और टी. एस. काधिरवेलु पिल्लई से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने मुंबई विश्वविद्यालय से ललित कला में स्नातकोत्तर भी किया है।

शिक्षक और कलाकार के रूप में अपने लम्बे करियर के दौरान आपने देश-विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित नृत्योत्सवों में न केवल अपनी नृत्य प्रस्तुतियाँ दी है, बल्कि संगोष्ठी और कार्यशालाओं का संचालन भी किया है। संगम काव्य, गाथा सप्तशती, हवेली संगीत और भारत के संत कवियों पर आधारित कई नृत्य संरचनाओं की रचना भी आपने की है। श्री दीपक ने कई नर्तकों को भरतनाट्यम का प्रशिक्षण दिया है, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुके हैं। आप मुंबई में शिलाधीश कला और अनुसंधान संस्थान के संस्थापक निदेशक हैं।

श्री दीपक मजुमदार को महाराष्ट्र गौरव; आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा कला रत्न; और भरतांजलि ट्रस्ट, चेन्नई द्वारा आचार्य नृत्य सुंदरम सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

समकालीन नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री दीपक मजुमदार को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2018



# पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री
## अकादेमी पुरस्कारः कूचिपूड़ि

# PASUMARTHY RAMALINGA SASTRY
## Akademi Award: Kuchipudi

Born on 22 December 1958 in Kuchipudi village in Andhra Pradesh, Shri Pasumarthy Ramalinga Sastry received his training in Kuchipudi dance under Gurus Vedantam Parvateesam, Pasumarthy Venugopal Krishna Sarma, and Vempati Chinna Satyam. He has also studied at the Kalakshetra Foundation, Chennai and acquired a Diploma in Bharatanatyam.

Shri Pasumarthy Ramalinga Sastry is today among the senior performers and teachers of Kuchipudi dance. He has performed and conducted seminars and workshops in several prestigious festivals within the country and abroad. He has choreographed numerous dance-dramas including Gajaneeyam, Sri Ramakatha Saaram, Rasa Leela, Shiva Leela and Tripadi Ganga. He has travelled to U.S.A. several times for conducting workshops and giving performances. Shri Pasumarthy Ramalinga Sastry has imparted training in the art at a number of institutions, and a number of his students have gained renown now.

Shri Pasumarthy Ramalinga Sastry has received several awards and honours including the Ugadi Puruskaram in 2012; and the Kalaratna in 2016 bestowed by the Government of Andhra Pradesh.

Shri Pasumarthy Ramalinga Sastry receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Kuchipudi dance.

आंध्र प्रदेश के कूचिपूड़ि गाँव में 22 दिसंबर 1958 को जन्मे, श्री पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री ने गुरु वेदांतम पार्वतीसम, पशुमूर्ति वेणुगोपाल कृष्ण शर्मा और वेम्पति चिन्ना सत्यम जैसे गुरुओं के मार्गदर्शन में कूचिपूड़ि नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने कलाक्षेत्र फाउंडेशन, चेन्नई में भी अध्ययन किया और भरतनाट्यम में डिप्लोमा अर्जित किया है।

श्री पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री आज कूचिपूड़ि नृत्य के वरिष्ठ कलाकारों और शिक्षकों में शुमार किए जाते हैं। आपने देश-विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित नृत्योत्सवों में अपनी प्रस्तुतियाँ देने के साथ ही संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का संचालन भी किया है। आपने गजनीयम, श्री रामकथा सारम, रास लीला, शिव लीला और त्रिपदी गंगा सहित कई नृत्य नाटकों को कोरियोग्राफ किया है। कार्यशालाओं के संचालन और प्रस्तुतियों के लिए आप कई बार अमेरिका भी गए हैं। श्री पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री ने कई संस्थानों में कला का प्रशिक्षण दिया है, और आपके कई छात्र अब ख्यातिलब्ध कलाकार हैं।

श्री पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री को वर्ष 2012 में उगादि पुरस्कार और वर्ष 2016 में आंध्र प्रदेश सरकार से कलारत्न सहित कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं।

कूचिपूड़ि नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## तपन कुमार पट्टनायक
अकादेमी पुरस्कारः छउ नृत्य ( सरायकेला )

## TAPAN KUMAR PATTANAYAK
Akademi Award: Chhau Dance (Seraikella)



Born on 6 September 1962 at Seraikella in Jharkhand, Shri Tapan Kumar Pattanayak has received training in Chhau dance under Gurus Sudhendra Narayan Singhdeo, Kedar Nath Sahoo and Nathu Mahato.

Shri Tapan Kumar Pattanayak has performed in many dance festivals, conducted workshops and presented lecture demonstrations on Chhau dance within the country and abroad. He has also travelled to France for performances.

Shri Pattanayak has imparted training in dance as a Chhau dance teacher in the Acharya Kala Mandir, Jamshedpur, and as a visiting trainer at the Rabindra Bharati University. Currently he is serving as Director of Government Chhau Dance Centre, Seraikella.

Shri Tapan Kumar Pattanayak receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the Chhau dance of Seraikella.


झारखंड के सरायकेला में 6 सितंबर 1962 को जन्मे श्री तपन कुमार पट्टनायक ने गुरु सुधेंद्र नारायण सिंहदेव, केदार नाथ साहू और नाथू महतो के मार्गदर्शन में छउ नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री तपन कुमार पट्टनायक ने देश-विदेश में आयोजित कई नृत्य समारोहों में प्रस्तुतियाँ दी, कार्यशालाओं का आयोजन किया और छउ नृत्य पर व्याख्यान-प्रदर्शन आयोजित किए हैं। आपने छउ नृत्य की प्रस्तुति के लिए फ्रांस की यात्रा भी की है। श्री पट्टनायक ने जमशेदपुर के आचार्य कला मंदिर में छउ नृत्य शिक्षक के रूप में और रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय में अतिथि प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में आप सरकारी छउ नृत्य केंद्र, सरायकेला के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

सरायकेला छउ नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री तपन कुमार पट्टनायक को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## राजीव नाईक
### अकादेमी पुरस्कार: नाट्य लेखन

## RAJEEV NAIK
### Akademi Award: Playwriting

Born on 12 September 1956 in Vadodara, Gujarat, Shri Rajeev Naik has earned respect not only as a playwright and teacher, but also as a translator, editor, poet, and as a short story writer. He completed his B.A. in Philosophy and Psychology in 1976, and earned his master's degree in Linguistic Aesthetics in 1979. He earned his PhD in Linguistics in 1990 from Mumbai University. A teacher by profession, he has taught Linguistics and Aesthetics at Mumbai University, and Theatre History and Theatre Aesthetics in Pune University from 1990 to 2015.

Shri Rajeev Naik's treasure trove comprises of four volumes of plays, four translations of plays, one short-story collection, one collection of poems, apart from four books on theatre theory and one book on theatre criticism. Some of his major Marathi plays include *The Quandry* (1985, directed by Damoo Kenkre); *The Closed Eyelids* (1987, directed by Vijay Kenkre); *The Joint* (1990, directed by Ajit Bhure); *The Last Book* (1992, directed by Rakesh Sarang); *What is to be done with Mr Sathe* (1998, directed by Sandesh Kulkarni); and *Bandish* (2014, directed by Mohit Takalkar). Some of his other prominent plays are *Yam Yami Samvad*, *Manusghar*, *Anahat*, *Vandha*, *Galileo*, *Kherij*, *Mitlee Papnee*, *Magova*, *Matichya Gadyach Prakaran*, *Sandha*, *Ain Wasantat Ardhya Ratree*, *Akherach Parva*, *Apasatlya Gosthti*, and *Jatak-Natak*. His plays have been performed in many languages all over India and abroad and have been directed by senior as well as upcoming directors. Many of his plays have been translated into English by Shanta Gokhale, and into Hindi by Satyadev Dube and Sudha Shesh. Shri Rajeev Naik has participated in several seminars on theatre and literature and has contributed to many journals and magazines. He has edited nine textbooks for the Centre for Performing Arts, Savitribai Phule Pune University; and has written entries for encyclopaedias on literature, theatre and criticism.

Shri Rajeev Naik has been honoured by many institutions for his works such as the Maharashtra State Award for his short story collection in 1988; Marathi Sahitya Parishad Award for his theory work *Na Natkatla* in 2014; Marathvada Sahitya Parishad Award for his criticism titled *Lagleli Natka* in 2018 among many others.

Shri Rajeev Naik receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a playwright.

गुजरात के वडोदरा में 12 सितंबर 1956 को जन्मे श्री राजीव नाईक ने न केवल एक नाटककार और शिक्षक के रूप में, बल्कि अनुवादक, सम्पादक, कवि और कहानीकार के रूप में भी पर्याप्त सम्मान अर्जित किया है। आपने सन् 1976 में दर्शनशास्त्र और मनोविज्ञान विषयों से स्नातक के बाद सन् 1979 में भाषिक सौन्दर्यशास्त्र में स्नातकोत्तर किया और फिर सन् 1990 में मुम्बई विश्वविद्यालय से भाषाविज्ञान में पीएच. डी. की उपाधि अर्जित की। पेशे से शिक्षक, श्री नाईक ने 1990 से 2015 तक मुम्बई विश्वविद्यालय में भाषाविज्ञान और सौंदर्यशास्त्र, और पुणे विश्वविद्यालय में रंगमंच का इतिहास और रंगमंच का सौंदर्यशास्त्र जैसे विषयों की शिक्षा दी है।

श्री राजीव नाईक के रचना संसार में नाटकों के चार खण्ड, चार नाटकों के अनुवाद, एक कहानी संग्रह, एक कविता संग्रह, नाट्य सिद्धांत सम्बंधी चार पुस्तकें और नाट्य आलोचना केन्द्रित एक पुस्तक शामिल हैं। आपके कुछ प्रमुख मराठी नाटकों में द क्वान्ड्री (1985, दामू केंकरे द्वारा निर्देशित); द क्लोज्ड आईलिड्स (1987, विजय केंकरे द्वारा निर्देशित); द जॉइंट (1990, अजीत भूरे द्वारा निर्देशित); द लास्ट बुक (1992, राकेश सारंग द्वारा निर्देशित); व्हाट इज टू बी डन विद मिस्टर साठे (1998, संदेश कुलकर्णी द्वारा निर्देशित); और बंदिश (2014, मोहित टकलकर द्वारा निर्देशित) शामिल हैं। आपके कुछ अन्य प्रमुख नाटक हैं–यम यमी सम्वाद, मानुषघर, अनाहत, वंध, गैलीलियो, खेरिज, मितली पापनी, मगोवा, मटिच्या गद्यच प्रकरण, संधा, ऐन वसंतत अर्ध रात्री, अखेराच पर्व, अपसतल्य गोस्थ्ती और जातक-नाटक। आपके नाटकों का कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद और प्रदर्शन हुआ है। आपके नाटक न केवल वरिष्ठ निर्देशकों बल्कि प्रतिभासम्पन्न युवा निर्देशकों द्वारा भी निर्देशित किए गए हैं। आपके नाटकों का अँग्रेजी अनुवाद शांता गोखले और हिन्दी अनुवाद सत्यदेव दुबे एवं सुधा शेष द्वारा किया गया है। श्री राजीव नाईक ने न केवल रंगमंच और साहित्य केन्द्रित गोष्ठियों में भागीदारी की है बल्कि कई पत्र-पत्रिकाओं में भी अपना योगदान दिया है। आपने सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के लिए नौ पाठ्यपुस्तकों का सम्पादन किया है; और साहित्य, रंगमंच और आलोचना पर केन्द्रित विश्वकोशों के लिए प्रविष्टि लेखन का कार्य भी किया है।

श्री राजीव नाईक को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है। उदाहरणार्थ, वर्ष 1988 में



कहानी संग्रह के लिए महाराष्ट्र राज्य पुरस्कार; वर्ष 2014 में सैद्धांतिक पुस्तक ना नटकटला के लिए मराठी साहित्य परिषद पुरस्कार; आलोचना पुस्तक लागलेली नाटक के लिए वर्ष 2018 में मराठवाड़ा साहित्य परिषद पुरस्कार आदि।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में नाटककार के रूप में योगदान के लिए श्री राजीव नाईक को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018



## ललत्लुआङलिआना खिआङते
### अकादेमी पुरस्काररू नाट्य लेखन

## LALTLUANGLIANA KHIANGTE
### Akademi Award: Playwriting

Born on 28 June 1961 in Saitual, Mizoram, Shri Laltluangliana Khiangte is a playwright, poet, scholar, critic, biographer and folklorist. After completing his M.A. in English Literature with Linguistics, and PhD in English-Mizo Literature from NEHU in 1991, he pursued his Post-Doctoral Research in Folklore and Modern Mizo Literature and was awarded Doctor of Literature (D.Litt.) in February 1999. A former member of the General Council of Sahitya Akademi (2003-2007), and Sangeet Natak Akademi (2004-2008), he has also been a member of the Advisory Committee for Theatre of Sangeet Natak Akademi. He continues to be an active member of many other prestigious organizations. Presently he is a Professor, Department of Mizo, Mizoram University.

Professor Khiangte has to his credit over 30 plays of which 24 have been published in Mizo language, and staged in different cities such as in New Delhi, Guwahati, Shillong, Aizawl, Kolkata, Bhopal, etc. Ten of his plays are prescribed texts in masters, graduation, and in schools. Sixteen of his plays have been translated into Hindi. His plays, articles, essays and poems have been translated into Hindi, Bengali, Assamese and Kokborok. His play *Pasaltha Khuangchera* (Unsung Freedom Fighter against British Rule) was declared as the best book in Mizo language in the year 1997. A television serial has been produced by Doordarshan on his play *Chharmawia*. Shri Laltluangliana Khiangte is credited as the first writer of Mizo drama history and theatre movement.

His contribution in playwriting, theatre, and education has been recognized with the Bharat Adivasi Samman 2005; and the Padma Shri in 2006.

Shri Laltluangliana Khiangte receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a playwright.

मिजोरम के सैतुअल में 28 जून 1961 को जन्मे श्री ललत्लुआङलिआना खिआङते एक नाटककार, कवि, विद्वान, आलोचक, जीवनी लेखक और लोकगीतकार हैं। भाषा विज्ञान के साथ अँग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर और वर्ष 1991 में एनईएचयू से अँग्रेजी-मिजो साहित्य में पीएच.डी. करने के बाद, आपने लोककथाओं और आधुनिक मिजो साहित्य में पोस्ट-डॉक्टोरल रिसर्च किया और फरवरी 1999 में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी.लिट.) की उपाधि से सम्मानित किए गए। आप साहित्य अकादेमी (2003–2007), संगीत नाटक अकादेमी (2004–2008) की महापरिषद, और संगीत नाटक अकादेमी की नाट्य सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। आप अभी भी कई प्रतिष्ठित संस्थानों के सक्रिय सदस्य हैं। वर्तमान में आप मिजोरम विश्वविद्यालय के मिजो विभाग में प्रोफेसर हैं।

प्रो. खिआङते ने 30 से अधिक नाटकों की रचना की है, जिनमें से 24 मिज़ो भाषा में प्रकाशित हुए हैं, और नई दिल्ली, गुवाहाटी, शिलांग, आइजोल, कोलकाता, भोपाल जैसे शहरों में मंचित किए गए हैं। आपके दस नाटक परास्नातक, स्नातक कक्षाओं और कई स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। आपके सोलह नाटकों का हिन्दी में अनुवाद हुआ है। आपके नाटकों, लेखों, निबंधों और कविताओं का हिंदी, बांग्ला, असमिया और कोकबोरोक भाषाओं में अनुवाद हुआ है। आपके नाटक पसल्था खुआंग्चेरा (ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष करने वाले गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी) को वर्ष 1997 में मिजो भाषा की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक घोषित किया गया था। दूरदर्शन द्वारा उनके नाटक छर्मांविया पर टेलीविजन धारावाहिक का निर्माण किया गया है। मिज़ो नाट्य इतिहास और रंग आंदोलन पर सबसे पहले क़लम चलाने का श्रेय भी श्री ललत्लुआङलिआना खिआङते को ही जाता है।


नाट्य लेखन, रंगमंच और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको 2005 में भारत आदिवासी सम्मान और 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में एक नाटककार के रूप में योगदान के लिए श्री ललत्लुआङलिआना खिआङते को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



# संजय उपाध्याय
## अकादेमी पुरस्कारः नाट्य निर्देशन

# SANJAY UPADHYAY
## Akademi Award: Direction

Born on 12 January 1965 in Patna, Bihar, Shri Sanjay Upadhyay completed his postgraduation in English from Patna University. He earned his diploma from the National School of Drama in 1990 specializing in Direction. He has worked in Shri Ram Centre for Performing Arts, New Delhi as its director during 1994-96. He has been credited with shaping up the Madhya Pradesh School of Drama, Bhopal as its Founder Director (2010-2018). Shri Sanjay Upadhyay has been taking workshops and classes in institutional set up such as in NSD; Bhartendu Natya Academy; and in other institutions as a visiting faculty.


Shri Sanjay Upadhyay's initiation in theatre began as an actor in 1980 when he joined Patna IPTA, with which he remained actively associated till 1984. His foray into direction had begun in 1985 and his group Nirman Kala Manch, Patna, established in 1988, provided him a strong footing. Since then Shri Upadhyay has directed plays such as *Bidesia*, *Nal Damayanti*, *Kharia ka Ghera*, *Rustam Sohrab*, *Andhon ka Hathi*, *Andha Yug* among others for Nirman Kala Manch. Apart from many famous full-length productions, Shri Sanjay Upadhyay is known for his directorial work of biographical plays such as *Company Ustad*, based on Mahendra Misir's life and work; *Neelkanth Nirala*, based on Suryakant Tripathi Nirala's life and work; *Gagan Damama Bajyo* based on Bhagat Singh's life and work; *Kahan Gaye Mere Ugana*, based on the life of Vidyapati; *Heera Dom*, based on the life and work of poet Heera Dom; and *Gagan Ghata Gehrani* on the life and works of Kabir among others. He has also directed poetry on stage, such as *Saroj Smriti* by Suryakant Tripathi Nirala; *Bhagi Hui Ladkiyan* by Alok Dhanwa; and *Nadi Mein Aag* by Ravindra Bharti which have been well appreciated. In 1990, he established another group Safar Maina to work with the slum children of Patna. His penchant for music led him to create musical compositions for plays directed by him, and others such as *Godan* directed by Bhanu Bharti; *Khadia ka Ghera* directed by Robin Das; *Trishanku*, directed by B.M. Shah; *Brihanalla* directed by Ram Gopal Bajaj; *Chanakya Vishnugupta*, directed by Satya Dev Dubey; *Twelfth Night*, directed by Fritz Benewitz; *Khisiyani Billi*, directed by Barry John; and *Ratinath ki Chachi*, directed by Sharda Singh.

Shri Sanjay Upadhyay has been honoured with the Manohar Singh Memorial Award for 2010 by the National School of Drama, New Delhi.

Shri Sanjay Upadhyay receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a director.

बिहार के पटना में 12 जनवरी 1965 को जन्मे श्री संजय उपाध्याय पटना विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर हैं। आपने निर्देशन में विशेषज्ञता के साथ वर्ष 1990 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से डिप्लोमा अर्जित किया। 1994–96 तक श्री राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, नई दिल्ली के निदेशक रहे। संस्थापक निदेशक (2010–2018) के रूप में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल को आकार देने का श्रेय भी आप ही को जाता है। आप राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय; भारतेंदु नाट्य अकादमी; और अन्यान्य संस्थानों में अतिथि संकाय के रूप में कार्यशालाओं और कक्षाओं का संचालन करते रहे हैं।

रंगमंच की दुनिया में श्री संजय उपाध्याय का पदार्पण सन् 1980 में पटना इप्टा के बैनर तले एक अभिनेता के रूप में हुआ, जिसके साथ आप सन् 1984 तक सक्रिय रूप से जुड़े रहे। निर्देशन की दुनिया में आपने अपना पहला कदम सन् 1985 में रखा और सन् 1988 में निर्माण कला मंच, पटना के नाम से रंगसमूह का गठन किया जिसकी बदौलत आपने रंगजगत में एक मजबूत मुकाम हासिल किया। तब से श्री उपाध्याय ने निर्माण कला मंच के लिए बिदेसिया, नल दमयंती, खड़िया का घेरा, रुस्तम सोहराब, अंधों का हाथी, अंधा युग जैसे नाटकों का निर्देशन किया है। कई प्रसिद्ध नाट्य प्रस्तुतियों के निर्माण के अतिरिक्त, श्री संजय उपाध्याय को जीवनीपरक नाटकों जैसे कि कम्पनी उस्ताद, महेंद्र मिसिर के जीवन और कार्य पर आधारित; नीलकंठ निराला, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जीवन और कार्य पर आधारित; भगत सिंह के जीवन और कार्य पर आधारित गगन दमामा बाज्यो; विद्यापति के जीवन पर आधारित कहाँ गए मेरे उगना; हीरा डोम, कवि हीरा डोम के जीवन और कार्यों पर आधारित; और कबीर के जीवन और कार्यों पर आधारित गगन घटा गहरानी के निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। आपने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सरोज स्मृति; आलोक धन्वा की भागी हुई लड़कियाँ; और रवीन्द्र भारती की नदी में आग जैसी कविताओं को भी मंच पर निर्देशित किया जो सराही भी गईं। 1990 में, आपने पटना के झुग्गी–झोपड़ी के बच्चों के साथ काम करने के लिए एक अन्य समूह सफर मैना की स्थापना की थी। संगीत के प्रति अपनी अनन्य रुचि से अभिप्रेत होकर आपने न केवल अपने नाटकों के लिए बल्कि अन्य निर्देशकों के लिए भी नाट्य संगीत रचे हैं, जिनमें भानु भारती द्वारा निर्देशित गोदान; रॉबिन दास द्वारा निर्देशित खड़िया का घेरा; बी. एम. शाह द्वारा निर्देशित त्रिशंकु; राम गोपाल बजाज द्वारा निर्देशित बृहनल्ला; सत्यदेव दुबे द्वारा निर्देशित चाणक्य विष्णुगुप्त; फ्रिट्ज बेनेविट्ज़ द्वारा निर्देशित ट्वेल्फ्थ नाइट; बैरी जॉन द्वारा निर्देशित खिसियानी बिल्ली; और शारदा सिंह द्वारा निर्देशित रतिनाथ की चाची आदि प्रमुख हैं।



श्री संजय उपाध्याय को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 2010 के मनोहर सिंह स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में नाट्य निर्देशक के रूप में योगदान के लिए श्री संजय उपाध्याय को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## सुहास जोशी
### अकादेमी पुरस्कारः अभिनय

## SUHAS JOSHI
### Akademi Award: Acting

Born on 12 July 1947 in Pune, Maharashtra, Shrimati Suhas Joshi is a very well-known actor of Marathi, Hindi and English theatre. She learnt classical music and completed her Sangeet Visharad (Hindustani Vocal) from Gandharva Mahavidyalaya in 1963. She obtained her 'Bachelors degree from the University of Pune studying Philosophy, Psychology and Sanskrit in 1969. Later, she went to the National School of Drama to earn a three-year diploma course in acting where she was trained by noted theatre director Ebrahim Alkazi, among others.

Shrimati Joshi is associated with theatre since her college days. She has performed in both the genres of professional and experimental Marathi theatre. Her notable plays include *Rakta Nako Mala Prem Have*, directed by Kamlakar Sontakke; *Barrister*, directed by Vijaya Mehta; *Goshta Janmantarichi* directed by Madhukar Toradmal; *Sakkhe Shejari* directed by Sai Paranjape; *Agnipankha* directed by Kumar Sohoni; *Ekach Pyala* directed by Shriram Lagoo; *Doctor Tumhi Suddha* directed by Chandrakant Kulkarni; *Prema Tujha Rang Kasa* directed by Vijay Kenkare; *Khel Mandiyela* directed by Chetan Datar; *Oi Womenia* directed by Mangesh Kadam; and *Kanyadaan* directed by Sadashiv Amrapurkar. She has also performed a solo play Laxmibai Tilak's *Smriti Chitre* directed by Pratima Kulkarni. Suhas Joshi has acted in Mahesh Elkunchwar's *Pratibimb* directed by Satya Dev Dubey, and acted in English translations of Vijay Tendulkar's *Kamala*, and Jayvant Dalvi's *Purush* directed by Silvester D'Cunha and Bharat Dabholkar respectively. She has also acted in various Hindi and Marathi films, and television shows.

Shrimati Suhas Joshi has received accolades from Marathi Natya Parishad, Maharashtra Rajya Natya Mahotsav, and numerous other institutions.

Shrimati Suhas Joshi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to Indian theatre as an actor.

महाराष्ट्र के पुणे में 12 जुलाई 1947 को जन्मी श्रीमती सुहास जोशी मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी रंगमंच की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। आपने शास्त्रीय संगीत सीखा है और सन् 1963 में गंधर्व महाविद्यालय से संगीत विशारद (हिंदुस्तानी गायन) की उपाधि अर्जित की है। आपने सन् 1969 में पुणे विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान और संस्कृत का अध्ययन किया और स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में, आपने अभिनय में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में दाखिला लिया, जहाँ उन्हें प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक इब्राहिम अल्काज़ी और अन्य प्रख्यात रंग-गुरुओं से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला।

श्रीमती जोशी अपने कॉलेज के दिनों से ही थिएटर से जुड़ी रही हैं। आपने पेशेवर और प्रयोगात्मक मराठी रंगमंच–दोनों ही शैलियों में अभिनय किया है। आपके उल्लेखनीय नाटकों में कमलाकर सोनटके द्वारा निर्देशित रक्त नको माला प्रेम हवे; विजया मेहता द्वारा निर्देशित बैरिस्टर; मधुकर तोराडमल द्वारा निर्देशित गोष्टा जनमंतरिचि; साई परांजपे द्वारा निर्देशित सक्खे शेजरी; कुमार सोहनी द्वारा निर्देशित अग्निपंख; श्रीराम लागू द्वारा निर्देशित एकच प्याला; चंद्रकांत कुलकर्णी द्वारा निर्देशित डॉक्टर तुम्ही सुद्धा; विजय केंकरे द्वारा निर्देशित प्रेमा तुझा रंग कसा; चेतन दातार द्वारा निर्देशित खेल मंडीएला; मंगेश कदम द्वारा निर्देशित ओई वूमेनिया; और सदाशिव अमरापुरकर द्वारा निर्देशित कन्यादान आदि प्रमुख हैं। आपने प्रतिमा कुलकर्णी द्वारा निर्देशित लक्ष्मीबाई तिलक के स्मृति चित्रे नामक एकल नाटक में अभिनय किया है। सत्य देव दुबे द्वारा निर्देशित महेश एलकुंचवार की प्रतिबिम्ब नाटक में अभिनय के साथ ही आपने विजय तेंदुलकर के नाटक कमला के अंग्रेजी अनुवादों, और क्रमशः सिल्वेस्टर डीश्कुन्हा और भरत दाभोलकर द्वारा निर्देशित जयवंत दलवी के नाटक पुरुष में भी अभिनय किया है। नाटकों के साथ-साथ आपने विभिन्न हिंदी और मराठी फिल्मों और टेलीविजन धारावाहिकों में भी अभिनय किया है।

श्रीमती सुहास जोशी को मराठी नाट्य परिषद, महाराष्ट्र राज्य नाट्य महोत्सव और कई अन्य संस्थानों ने पुरस्कृत किया है।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में अभिनेत्री के रूप में योगदान के लिए श्रीमती सुहास जोशी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## टीकम जोशी
### अकादेमी पुरस्कारः अभिनय

## TEEKAM JOSHI
### Akademi Award: Acting

Born on 19 August 1975 in Bhopal, Madhya Pradesh, Shri Teekam Joshi did his graduation from Barkatullah University in 1998. He earned his Postgraduate Diploma in Dramatic Arts from the National School of Drama in 2001. He worked with the National School of Drama Repertory Company for six years from 2001 to 2007. From 2010 onwards he has been performing independently, taking workshops and working as a visiting faculty in many institutions including NSD, its centers, and the Department of Indian Theatre, Punjabi University, Chandigarh.

Shri Teekam Joshi has been involved in theatre since the age of seven. He has acted in plays directed by Bansi Kaul - *Andher Nagari* (1983-84), *Tankara ka Gana* (1985-86), *Panchratri* (1987-88), *Tukke pe Tukka* (1990), *Gappu Gop* (2006); B.V. Karanth - *Panjar Shala* (1985), *Malvikagnimitra* (1986); Prabhat Ganguli – *Ramayan* (1987); Fritz Benewitz – *Insaf ka Ghera* (1985); John Martin – *Parindon ki Sabha* (1987); Alakhnandan - *Would Be Gentlemen* (1989); Robin Das – *Ardel* (1995,), *Shila Shringar* (2000), *Anamdas ka Potha* (2004); K.N. Panikkar – *Swapn Katha* (1999); D.R. Ankur – *Katha Collage* (2001), Ram Gopal Bajaj – *Shakuntala ki Angoothi* (2001), *Dimage Hasti* (2001); Mohan Maharishi – *Deewar Mein Ek Khidki Rehti Thi* (2001), *Einstein* (2005); M.K. Raina – *Buri Phansi Shanti Bai* (2001); Rob Claire – *Othello* (2001); John Russell Brown – *Macbeth* (2001); Ranjit Kapoor – *Short Cut* (2002); Prasanna – *Seema Paar* (2003), *Uttarramcharit* (2006); Waman Kendre – *Janeman* (2003); Bhanu Bharati - *Andha Yug* (2011), *Tughlaq* (2012); Tripurari Sharma – *Cherry ka Baghicha* (2000), *Shayar Shutter Down* (2012), *Poshak* (2005), among others. He has participated in major festivals and has also acted in teleserials, films and served the Repertory of the National School of Drama for six years.

A recipient of Sangeet Natak Akademi's Ustad Bismillah Khan Yuva Puraskar 2009, Shri Teekam Joshi has been awarded the Manohar Singh Smriti Puraskar 2014 by the National School of Drama. He has been honoured by Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi's B.M. Shah Award also.

Shri Teekam Joshi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as an actor.

मध्य प्रदेश के भोपाल में 19 अगस्त 1975 को जन्मे श्री टीकम जोशी ने 1998 में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक किया। सन् 2001 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से नाट्य कला में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। आपने छह वर्षों (2001 से 2007) तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की रेपर्टरी कम्पनी के साथ काम किया। उसके बाद वर्ष 2010 से आप स्वतंत्र रूप से विभिन्न नाटकों में अभिनय कर रहे हैं, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और इसके केन्द्रों और भारतीय रंगमंच विभाग, पंजाबी विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ सहित कई संस्थानों में बतौर अतिथि संकाय कक्षाएँ ले रहे हैं और कार्यशालाएँ आयोजित कर रहे हैं।

श्री टीकम जोशी सात साल की उम्र से ही नाटकों से जुड़े हैं। आपने बंसी कौल द्वारा निर्देशित–अंधेर नगरी (1983-84), टंकारा का गण (1985-86), पंचरात्रि (1987.88), तुक्के पे तुक्का (1990), गप्पू गोप (2006) में अभिनय किया है; बी. वी. कारंत निर्देशित–पंजर शाला (1985), मालविकाग्निमित्र (1986); प्रभात गांगुली निर्देशित रामायण (1987); फ़िरट्ज़ बेनेविट्ज़ निर्देशित इंसाफ़ का घेरा (1985); जॉन मार्टिन निर्देशित परिन्दों की सभा (1987); अलखनंदन निर्देशित वुड बी जेंटलमेन (1989); रॉबिन दास निर्देशित आर्डेल (1995), शिला श्रृंगार (2000), अनामदास का पोथा (2004); के. एन. पणिक्कर निर्देशित स्वप्न कथा (1999); डी. आर. अंकुर निर्देशित कथा कोलाज (2001), राम



गोपाल बजाज निर्देशित शकुंतला की अंगूठी (2001), दिमागे हस्ती (2001); मोहन महर्षि निर्देशित दीवार में एक खिडकी रहती थी ((2001), आइंस्टीन (2005); एम. के. रैना निर्देशित बुरी फंसी शांति बाई (2001); रॉब क्लेयर निर्देशित ओथेलो (2001); जॉन रसेल ब्राउन निर्देशित मैकबेथ (2001); रंजीत कपूर निर्देशित शॉर्ट कट (2002); प्रसन्ना निर्देशित सीमा पार (2003), उत्तररामचरित (2006); वामन केन्द्रे निर्देशित जानेमन (2003); भानु भारती निर्देशित अंधा युग (2011), तुगलक (2012); त्रिपुरारी शर्मा निर्देशित चेरी का बागीचा (2000), शायर शटर डाउन (2012), पोशाक (2005) आदि उल्लेखनीय नाटकों में अभिनय किया है। आपने प्रमुख नाट्य समारोहों में शिरकत की है और टेलीविज़न सीरियल्स और फिल्मों में भी अभिनय किया है।

संगीत नाटक अकादेमी के उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ युवा पुरस्कार 2009 से सम्मानित श्री टीकम जोशी को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा मनोहर सिंह स्मृति पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया गया था। आपको उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का बी.एम. शाह पुरस्कार भी मिला है।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में अभिनेता के रूप में योगदान के लिए श्री टीकम जोशी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## स्वपन नंदी
### अकादेमी पुरस्कार: मूकाभिनय (माइम)

## SWAPAN NANDY
### Akademi Award: Mime

Born on 14 September 1948, Shri Swapan Nandy has been practising and performing mime since the last 50 years. He has also been a trained commercial artist who received his five-year diploma in Commercial Art from the Government College of Art and Craft, Kolkata in the year 1971. He joined the Department of Information and Cultural Affairs, Government of Tripura in the year 1973 as an artist and went on to retire as a Joint Director of the Department in 2006.

Shri Swapan Nandy started training in mime under the guidance of Yuri Nikolai, a famous mime artist of Russia, when he was touring West Bengal with his mime shows in the year 1968. He received training from Yuri Nikolai for six months, and performed his first mime show in Sisir Mancha, Kolkata in 1969. Since then he has performed numerous solo and group mime shows in Agartala, Kolkata, Guwahati, Dimapur, across Tripura and also in Bangladesh. He has attended a number of mime workshops organized by different institutions including Sangeet Natak Akademi. He has been conducting mime workshops from time-to-time and has taken classes for mime for the students of the Agartala centre of National School of Drama.

He has been felicitated by many institutions including the National School of Drama, New Delhi, and the Government of Tripura, among others.

Shri Swapan Nandy receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a mime artist.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

14 सितंबर 1948 को जन्मे श्री स्वपन नंदी पिछले 50 वर्षों से माइम का अभ्यास और प्रदर्शन कर रहे हैं। आप एक प्रशिक्षित पेशेवर कलाकार रहे हैं। सन् 1971 में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट, कोलकाता से वाणिज्यिक कला में आपने पांच वर्षीय डिप्लोमा किया और सन् 1973 में बतौर कलाकार त्रिपुरा सरकार के सूचना और सांस्कृतिक कार्य विभाग में पदस्थ हुए, जहाँ से वर्ष 2006 में विभाग के संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए।



श्री स्वपन नंदी ने रूस के प्रसिद्ध माइम कलाकार यूरी निकोलाई के मार्गदर्शन में माइम गतिविधियों की शुरुआत की थी, जब वे वर्ष 1968 में अपने माइम शो के लिए पश्चिम बंगाल के दौरे पर आए थे। आपने छह महीने तक यूरी निकोलाई से प्रशिक्षण प्राप्त किया था, और अपनी पहली माइम प्रस्तुति सन् 1969 में कोलकाता के शिशिर मंच में की थी। तब से आपने अगरतला, कोलकाता, गुवाहाटी, दीमापुर, त्रिपुरा और बांग्लादेश में बहुत से एकल और सामूहिक माइम शो किए हैं। आपने संगीत नाटक अकादेमी सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित कई माइम कार्यशालाओं में भी भाग लिया है। आप समय-समय पर माइम वर्कशॉप आयोजित करते रहे हैं और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अगरतला केन्द्र के छात्रों को माइम कला की शिक्षा भी दी है।

श्री स्वपन नंदी को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली और त्रिपुरा सरकार सहित कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में माइम कलाकार के रूप में योगदान के लिए श्री स्वपन नंदी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## भागवत ए. एस. नंजप्पा

### अकादेमी पुरस्कारः अन्य प्रमुख नाट्य परम्पराएँ (यक्षगान)

## BHAGAWAT A. S. NANJAPPA

### Akademi Award: Other Major Traditions of Theatre - Yakshagana

Born on 23 November 1937 in Araluguppe, Tumkur, Shri Bhagawat A.S. Nanjappa started his career in the Moodalapaya School of Yakshagana at the tender age of 7 years. He has learnt under the tutelage of Bhagawat Siddalingappa and Kalmane Shantaveerappa.

He was born in a family where his uncles, cousins and other elders used to play parts in Yakshagana. Having absorbed the art from his elders, Shri Nanjappa became proficient in performance of both male and female characters and also became an accomplished Bhagawat (singer). He has been the leading Bhagawat and head of Sri Kalleshwar Swamy Yakshagana Mandali since 1964. Shri Nanjappa has made a major contribution in the preservation and revival of this art form by organizing seminars and workshops on Moodalapaya in collaboration with the Karnataka Janapada Academy and the Yakshagana Academy; and by conducting training in many schools and villages, and arranging performances of Moodalapaya. He is also credited with identifying and recording the *raga* and *tala* of the Moodalapaya Yakshagana songs. His efforts have been widely acknowledged. An agriculturist by profession, Shri Nanjappa is known in all the nearby villages as a carpenter and mason. He has so far built nearly 250 carts.

Shri Bhagawat A.S. Nanjappa has been felicitated by a number of institutions such as Karnataka Janapada Academy Award, Janapadashree, Lokasiri awards and several others. He has been a recipient of the Karnataka State Rajyotsava Award.

Shri Bhagawat A.S. Nanjappa receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a Yakshagana artist.

तुमकुर के अरालुगुप्पे में 23 नवंबर 1937 को जन्मे श्री भागवत ए. एस. नंजप्पा के कला-जीवन का प्रारम्भ मूडलपाया यक्षगान विद्यालय में नामांकन के साथ ही हो गया था, तब आपकी आयु महज 7 वर्ष थी। आपने भागवत सिद्दलिंगप्पा और कलमने शांतावीरप्पा के संरक्षण में यक्षगान का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री नंजप्पा का जिस परिवार में जन्म हुआ था, वह यक्षगान कलाकारों का परिवार था। आपके चाचा, चचेरे भाई और अन्य बड़े सदस्य यक्षगान में अभिनय किया करते थे। अपने बड़ों से कला को आत्मसात् करने के बाद, श्री नंजप्पा पुरुष और स्त्री–दोनों चरित्रों के निर्वाह में कुशल होने के साथ ही एक कुशल भागवत (गायक) भी बने। आप सन् 1964 से अग्रणी भागवत और श्री कल्लेश्वर स्वामी यक्षगान मंडली के प्रमुख रहे हैं। श्री नंजप्पा ने कर्नाटक जनपद एकेडमी और यक्षगान एकेडमी के सहयोग से मूडलपाया पर संगोष्ठी और कार्यशालाओं के आयोजन, स्कूलों और गांवों में प्रशिक्षण कार्यक्रम, और मूडलपाया के प्रदर्शन की व्यवस्था आदि के माध्यम से इस कला रूप के संरक्षण और पुनरुद्धार में बड़ा योगदान दिया है। मूडलपाया यक्षगान गीतों के राग और ताल के अभिनिर्धारण और रिकॉर्डिंग का श्रेय भी आपको दिया जाता है। आपके प्रयासों को व्यापक स्वीकृति मिली है। पेशे से कृषक श्री नंजप्पा को आसपास के सभी गांवों में बढ़ई और राजमिस्त्री के रूप में जाना जाता है। आप अब तक करीब 250 गाड़ियाँ बना चुके हैं।


श्री भागवत ए. एस. नंजप्पा को विभिन्न संस्थानों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है, यथा कर्नाटक जनपद एकेडमी पुरस्कार, जनपदश्री, लोकसिरी पुरस्कार आदि। आप कर्नाटक राज्य राज्योत्सव पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी रहे हैं।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में एक यक्षगान कलाकार के रूप में योगदान के लिए श्री ए. एस. नंजप्पा को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## ए. एम. परमेश्वरन चाक्यार

### अकादेमी पुरस्कार:
### अन्य प्रमुख नाट्य परम्पराएँ (कूटियाट्टम)

## A. M. PARAMESWARAN CHAKYAR

### Akademi Award:
### Other Major Traditions of Theatre - Kutiyattam

Born on 29 September 1950, Shri A.M. Parameswaran Chakyar is well known for his expertise in both 'angika' and 'vachika' abhinaya. His ritual 'arangettam' was performed at the Koothambalam at Koodalmanikyam Temple, Irinjalakuda at the age of 16, and he was trained in the gurukula sampradaya by Shri Ammannur Madhava Chakyar. He has followed in the footsteps of his Guru, and presents Chakyarkoothu and Kutiyattam at many temples in Kerala and other venues.

He is credited with the revival and adaptation of the second act of the play *Naganandam* for the modern stage, in which his portrayal of the vidooshaka *Atreyan* has been critically acclaimed. He is renowned for his roles as Ravana in *Asokavanikankam* and *Thoranayuddham* and as Bali in *Balivadham*. He is most popular as the pre-eminent vidooshaka in koodiyattam and his purushartha koothu is acclaimed by laymen and connoisseurs alike. He is considered an authority on the ritual elements in Koodiyattam and the authentic texts of the stage manuals. He has presented the Ramayana prabandham, containing about 450 verses in its entirety, more than 30 times and is one of the few performers capable of presenting all the prabandha texts of Melpathur Narayana Bhattathiri, today. His koothu recitals are not only known for his illustrious wit and humour but for his attention to detail in expounding all the rasas. As the chief instructor in the Ammannur Chachu Chakyar Smaraka Gurukulam, he has a list of prominent disciples who carry forward the tradition. Shri A.M. Parameswaran Chakyar has directed a number of Kutiyattam performances such as *Abhishekama*, *Prathamadvitiya*, Vidushaka part in *Sarantala*, *Naganada*, etc. He has received many awards.

He has received the Kerala Sangeetha Nataka Akademi Award for the year 2003; the Kerala Kalamandalam Award 2007; besides being felicitated by a number of institutions.

Shri A.M. Parameswaran Chakyar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Indian theatre as a Kutiyattam artist.

29 सितंबर 1950 को जन्मे श्री ए. एम. परमेश्वरन चाक्यार को आंगिक और वाचिक अभिनय में विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। आपने 16 वर्ष की आयु में अपने आनुष्ठानिक ''अरंगेट्टम'' की प्रस्तुति कूडलमनिक्यम मंदिर, इरिन्जलकुडा के कूटम्बलम में दी थी। श्री अम्मानूर माधव चाक्यार द्वारा आपको गुरुकुल सम्प्रदाय में प्रशिक्षित किया गया था। आप अपने गुरु के नक्शेकदम पर चलते हुए केरल के विभिन्न मंदिरों और अन्य स्थलों पर चाक्यारकूथु और कूटियाट्टम की प्रस्तुतियाँ देते रहे हैं।

आधुनिक रंगमंच के लिए नागानंदम नाटक के दूसरे अंक के पुनरुद्धार और अनुकूलन का श्रेय भी आप ही को जाता है, जिसमें विदूषक अत्रेयन की भूमिका में आपके अभिनय को समीक्षकों की भरपूर सराहना मिली है। आप अशोकवाणिकंकम और थोरानयुद्धम में रावण के किरदार और बालीवधम् में बाली की भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं। आप कूटियाट्टम के पूर्व-प्रतिष्ठित विदूषक के रूप में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं और आपके पुरुषार्थ कूथु के प्रशंसक तो सामान्य लोगों के साथ.साथ कलापारखी भी हैं। आपको कूटियाट्टम के आनुष्ठानिक तत्वों और मंच नियमावली के प्रामाणिक ग्रन्थों का विशेषज्ञ माना जाता है। आपने तीस बार रामायण प्रबंधम प्रस्तुत किया है, जिसमें समग्रतः लगभग 450 श्लोक हैं, और आज आप मेलपथुर नारायण भट्टाथिरी के सभी प्रबंध ग्रंथों को प्रस्तुत करने में सक्षम कुछ गिनेचुने कलाकारों में से एक हैं। आपके कूथु पाठ न केवल उत्कृष्ट हास-परिहास के लिए ख्यात हैं, बल्कि सभी रसों को विस्तार से प्रतिपादित करने के लिए भी जाने जाते हैं। अम्मानूर चाचू चाक्यार स्मारक गुरुकुलम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में आपने बहुत से शिष्यों को प्रशिक्षित किया है। आपके प्रमुख शिष्यों की सूची बहुत लम्बी है जो इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री ए. एम. परमेश्वरन ने कई कूटियाट्टम प्रदर्शनों का निर्देशन किया है जैसे अभिषेकम, प्रथमाद्वितीय, सरंतला में विदुषक भाग, नागानंदा, आदि।


आपको विभिन्न संस्थानों द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें वर्ष 2003 में केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, और वर्ष 2007 में मिला केरल कलामंडलम पुरस्कार प्रमुख है।

भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में कूटियाट्टम कलाकार के रूप में योगदान के लिए श्री ए. एम. परमेश्वरन चाक्यार को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## मालिनी अवस्थी
### अकादेमी पुरस्कारः लोकसंगीत (उत्तर प्रदेश)

## MALINI AWASTHI
### Akademi Award: Folk Music (Uttar Pradesh)

Born on 15 October 1966 in Kannauj district of Uttar Pradesh, Shrimati Malini Awasthi learnt folk music under several masters including Shrimati Girija Devi of Banaras gharana, Shri Rahat Ali Khan of Rampur gharana, and Shri Shujat Hussain Khan of Patiala gharana.

A postgraduate in Hindustani classical music (from Bhatkhande Music Institute Deemed University, Lucknow), as well as in History (from Lucknow University), Shrimati Malini Awasthi has earned recognition as an eminent folk singer with her performances in many regional, national and international festivals, and also in innumerable cultural forums and platforms. She also has a rich repertoire of Thumri, Kajri, Chaiti, Thappa, Dadra, Bhajans, and Ghazals, and is an 'A' grade artist of All India Radio and Doordarshan, Lucknow. She has been associated as a visiting professor with many prestigious cultural institutions such as the Jawaharlal Nehru University, Delhi; and the Bharat Adhyayan Kendra, Banaras Hindu University, Varanasi. She has also lent her voice to Bollywood movies such as *Dam Laga ke Haisha*, and *Agent Vinod*. She has many recordings to her credit.

For her contribution to the folk music of Uttar Pradesh, Shrimati Malini Awasthi has been honoured with several awards including the Padma Shri in 2016, and the Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi Award in 2017.

Shrimati Malini Awasthi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to the folk music of Uttar Pradesh.

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में 15 अक्टूबर 1966 को जन्मी श्रीमती मालिनी अवस्थी ने बनारस घराने की श्रीमती गिरजा देवी, रामपुर घराना के श्री राहत अली खान, तथा पटियाला घराने के श्री शुजात हुसैन खान समेत कई गुरुओं से लोकसंगीत की शिक्षा प्राप्त की है।

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत (भातखंडे संगीत संस्थान, सम विश्वविद्यालय, लखनऊ) के साथ ही इतिहास (लखनऊ विश्वविद्यालय) में भी स्नातकोत्तर की उपाधि आपने अर्जित की है। श्रीमती मालिनी अवस्थी ने कई क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। आपकी प्रसिद्धि एक लोक गायिका के रूप में है। आपके पास ठुमरी, कजरी, चैती, टप्पा, दादरा, भजन, और ग़ज़ल का समृद्ध भंडार है। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन, लखनऊ की 'ए' श्रेणी की कलाकार हैं। कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों जैसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली; तथा भारत अध्ययन केंद्र, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से आप बतौर विजिटिंग प्रोफेसर जुड़ी रही हैं। आपने दम लगा के हईशा, और एजेंट विनोद जैसी बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। आप द्वारा गाये गीतों के कई रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

उत्तर प्रदेश के लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्रीमती मालिनी अवस्थी को वर्ष 2016 में पद्मश्री, और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

उत्तर प्रदेश के लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती मालिनी अवस्थी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## गाज़ी ख़ान बरना

### अकादेमी पुरस्कारः लोकसंगीत – खड़ताल (राजस्थान)

## GAZI KHAN BARNA

### Akademi Award: Folk Music – Khartal (Rajasthan)

Born on 12 September 1968 in Barna village of Jaisalmer district of Rajasthan, Shri Gazi Khan Barna imbibed the rich artistic heritage of the Manganiyar tradition of folk music of Rajasthan. He received his initial training in music from his father Shri Chhugga Khan Barna, and later was groomed under the guidance of Shri Komal Kothari and Shri Sadiq Khan.

Shri Gazi Khan Barna soon achieved prominence as a percussionist of Khartal, performing in many prestigious music festivals in India and abroad, and conducting many workshops around the world. He also has a rich repertoire of folk songs, bhajans, as well as Sufiana songs in Sindhi, and can play folk music instruments like the Dholak with dexterity. He has given innumerable performances within the country, and has collaborated with many internationally acclaimed musicians like Ravi Shankar, Zubin Mehta, Zakir Hussain, Kumar Bose and Vishwamohan Bhatt.

For his contribution in the field of folk arts, Shri Gazi Khan Barna has been honoured with several awards including the Rajasthan Sangeet Natak Akademi Award in 2002; the Marudhara Ratan in 2003 conferred by Marudhara Sansthan, Kolkata; the Marwar Ratan in 2019 conferred by Mehrangarh Museum Trust, Jodhpur; and the Pt. Manmohan Bhatt Lifetime Achievement Award in 2019 conferred by Sangeet Kala Niketan, Jaipur.

Shri Gazi Khan Barna receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the folk music of Rajasthan.

राजस्थान के जैसलमेर जिले के बरना गाँव में 12 सितंबर 1968 को जन्मे श्री गाज़ी ख़ान बरना ने राजस्थानी लोक संगीत की मांगणियार परंपरा की समृद्ध कलात्मक विरासत को आत्मसात किया है। आपने संगीत में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता श्री छुग्गा खान बरना से प्राप्त किया, और बाद में श्री कोमल कोठारी और श्री सादिक़ खान के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखारा।

श्री गाज़ी ख़ान बरना ने देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दीं और कार्यशालाओं का आयोजन किया। आज उनकी प्रसिद्धी मंजे हुए खड़ताल वादक के रूप में है। आपके पास लोकगीतों, भजनों, के साथ ही सिंधी सूफियाना गीतों का समृद्ध भंडार है, और आप खड़ताल जितनी निपुणता के साथ ही ढोलक जैसे लोकवाद्य भी बजा सकते हैं। आपने रविशंकर, जुबिन मेहता, जाकिर हुसैन, कुमार बोस और विश्वमोहन भट्ट जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कलाकारों के साथ संगत की है।

लोक कला के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री गाज़ी ख़ान बरना को 2002 में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है; 2003 में कोलकाता के मरुधरा संस्थान द्वारा आपको मरुधरा रत्न से सम्मानित किया गया; 2019 में मेहरानगढ़ संग्रहालय ट्रस्ट, जोधपुर द्वारा मारवाड़ रत्न से सम्मानित किया गया; और 2019 में संगीत कला निकेतन, जयपुर द्वारा पं. मनमोहन भट्ट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया था।

राजस्थानी लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री गाज़ी ख़ान बरना को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## नरेंद्र सिंह नेगी

### अकादेमी पुरस्कारः लोक संगीत (उत्तराखंड)

## NARENDRA SINGH NEGI

### Akademi Award: Folk Music (Uttarakhand)

Born on 12 August 1949 in Pauri Garhwal district of Uttarakhand, Shri Narendra Singh Negi imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. Working close to his roots in the social sector with the local administration, he has carried forward those traditions by his creative endeavour as an artist, author, and composer.

Taking up music as a profession, Shri Narendra Singh Negi soon won an audience as a singer, and is today considered to be one of the most accomplished performers of the folk music of Uttarakhand. He started his music career by releasing "Garhwali Geetmala" and his first album was titled Buraans, after a flower found in the hills. He has represented his State in festivals of music within the country and abroad. He has performed over All India Radio and Doordarshan, Najibabad, and Almora for many years. He has to his credit a number of audio-video recordings of the folk music of Uttarakhand. He has also lent his voice to Garhwali movies such as *Chakrachal*, *Gharjawai*, and *Meri Ganga Holi Ta Maima Aali*. Although he mostly composes his music in the folk genre, his lyrics depict the anxieties and tensions, as well as other insights about the people of Uttarakhand.

For his contribution in the field of folk music, Shri Narendra Singh Negi has been honoured with several awards including the Monal Award, the Gouravgadh Samman, the Himgiri Samman conferred by ONGC, the Shivalik Ratna, the Gadhkala Shiromani Samman, and the Mohan Upreti Samman.

Shri Narendra Singh Negi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the folk music of Uttarakhand.

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में 12 अगस्त 1949 को जन्मे, श्री नरेंद्र सिंह नेगी ने अल्पायु में ही अपने क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को अपना लिया था। स्थानीय प्रशासन के साथ सामाजिक क्षेत्र में अपनी जड़ों के करीब रहते हुए आपने काम किया है। बतौर कलाकार, लेखक और संगीतकार, अपने रचनात्मक प्रयासों से अपनी संगीत परम्परा को आपने आगे बढ़ाया है।

श्री नरेंद्र सिंह नेगी ने लोकगायक के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है और आज आप उत्तराखंड के लोक संगीत के सबसे कुशल कलाकारों में शुमार किए जाते हैं। आपने अपने संगीत करियर की शुरुआत ''गढ़वाली गीतमाला'' से की थी और आपके पहले एल्बम का नाम बुरांश था। आपने देश-विदेश में आयोजित विभिन्न संगीत समारोहों में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। आप बतौर कलाकार आकाशवाणी और दूरदर्शन, नजीबाबाद और अल्मोड़ा से भी जुड़े रहे हैं। उत्तराखंड के लोक संगीत के कई ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग का श्रेय भी आपको जाता है। आपने गढ़वाली फिल्मों जैसे चक्रचल, घरजंवाई, और मेरी गंगा होली ता मैमा आली में भी आपने अपनी आवाज दी है। आपके संगीत में उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और समाज के साथ ही सामयिक चिंताओं और समस्याओं का भी चित्रण हुआ है।

लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री नरेंद्र सिंह नेगी को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें मोनाल पुरस्कार, गौरवगढ़ सम्मान, ओएनजीसी द्वारा हिमगिरी सम्मान, शिवालिक रत्न, गढ़कला शिरोमणि सम्मान और मोहन उप्रेती सम्मान शामिल हैं।

उत्तराखंड के लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री नरेंद्र सिंह नेगी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## निरंजन राज्यगुरु
### अकादेमी पुरस्कारः लोक संगीत (गुजरात)

## NIRANJAN RAJYAGURU
### Akademi Award: Folk Music (Gujarat)

Born on 24 December 1954 in Mandalikpur village of District Junagadh of Gujarat, Shri Niranjan Rajyaguru is an eminent poet, research scholar, writer, critic and reviewer in Gujarati magazines. His primary education was in the Ghoghavadar village of Saurashtra. In 1978 he got his Master's degree in Gujarati and Folklore from Saurashtra University, Rajkot. In 1982 he received the doctoral degree, Vidyavachaspati from Saurashtra University for 'Dasi Jivan - Life & Literature' (life and works of Dasi Jivan - a saint poet, and his saintly contemporaries of Gujarat).

Niranjan Rajyaguru's work in literary criticism is multifaceted. He is a recognized PhD referee-examiner in the subject of Gujarati language and literature. He is also a B-high grade artist of Radio, and a folk song, folk tale and devotional music artist as well as a folklore expert of Prasar Bharati - Doordarshan.

Niranjan Rajyaguru has sung hundreds of Gujarati bhajans and folksongs. He is an outstanding folk artist of the Saurashtra region. Since the year 2018, he has been giving discourses in Gujarati and Hindi on traditional Gujarati folklore, folk music and folk culture.

For his contribution in the field of folk music, Shri Niranjan Rajyaguru has been honoured with several awards and fellowships including the Senior Research Fellowship of Gujarat Sahitya Academy, Gandhinagar (1990); B.K. Parekh Foundation, Mumbai Fellowship (1991); Dr Homi Bhabha National Fellowship (1992); Padma Shri Kavi Kag Award (2008); Dasi Jivan Award (1992); Foolchhab Award (2011); Gaurav Puraskar from Gujarat State Sangeet Natak Academy (2012); Zaverchand Meghani Award (2017); and Sanskar Vibhushan Puraskar (2017).

Shri Niranjan Rajyaguru receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the folk music of Gujarat.

गुजरात के जूनागढ़ जिला के मांडलिकपुर गाँव में 24 दिसंबर 1954 को जन्मे श्री निरंजन राज्यगुरु गुजराती के प्रख्यात कवि, विद्वान, लेखक, आलोचक और समीक्षक हैं। आपकी प्राथमिक शिक्षा सौराष्ट्र के घोघवादार गांव में हुई। 1978 में आपने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट से गुजराती भाषा और लोकगीत में स्नातकोत्तर किया। 1982 में आपने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से 'दासी जीवन–जीवन और साहित्य' (दासी जीवन का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–संत कवि, उनका परिवार और समकालीन संत) पर पीएच.डी. की उपाधि अर्जित की।

निरंजन राज्यगुरु का साहित्यिक आलोचना कर्म बहुआयामी है। आप गुजराती भाषा और साहित्य के विद्वान हैं। आप आकाशवाणी के बी-उच्च श्रेणी कलाकार हैं। लोक गीत, लोक कथा और भक्ति संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार होने के साथ-साथ प्रसार भारती-दूरदर्शन के लोकगीत विशेषज्ञ भी हैं। आपने सैकड़ों गुजराती भजन और लोकगीत गाए हैं। आप सौराष्ट्र क्षेत्र के एक उत्कृष्ट लोक कलाकार हैं। वर्ष 2018 से आप पारंपरिक गुजराती लोकगीत, संगीत और संस्कृति पर गुजराती और हिंदी में विमर्श को एक नया आयाम दे रहे हैं।


लोकसंगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री निरंजन राज्यगुरु को गुजरात साहित्य अकादमी, गांधीनगर के वरिष्ठ अनुसंधान फैलोशिप (1990) सहित कई पुरस्कारों और फैलोशिप से सम्मानित किया गया है; जिनमें बी. के. पारेख फाउंडेशन, मुंबई फैलोशिप (1991); डॉ. होमी भाभा राष्ट्रीय फैलोशिप (1992); पद्मश्री कवि काग अवॉर्ड (2008); दासी जीवन पुरस्कार (1992); फूलछब पुरस्कार (2011); गुजरात राज्य संगीत नाटक अकादमी से गौरव पुरस्कार (2012); झावरचंद मेघानी पुरस्कार (2017); और संस्कार विभूषण पुरस्कार (2017) शामिल हैं।

गुजराती लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री निरंजन राज्यगुरु को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2018



## मोहम्मद सीदीक भगत
अकादेमी पुरस्कारः लोक नाट्य–भांड पाथेर (जम्मू-कश्मीर)

## MOHAMMAD SIDIQ BHAGAT
Akademi Award: Folk Theatre – Bhand Pather (Jammu & Kashmir)

Born on 21 April 1965 in Lalpura in Baramullah district of Kashmir, Shri Mohammad Sidiq Bhagat belongs to a family of traditional theatre artists of the region. He has received his initial training in Bhand Pather from his father Shri Abli Bhagat and was later groomed as a performer in the Bhand Pather theatre by Shri Ghulam Mohammad Bhagat.

Shri Mohammad Sidiq Bhagat achieved excellence very early in his life in Bhand Pather. With his group he has performed Bhand Pather extensively in the Kashmir valley, and has worked zealously towards preserving older Bhand Pather plays. Shri Mohammad Sidiq Bhagat has received felicitations for his initiative in the field from a number of government departments including the Jammu & Kashmir Academy of Art, Culture and Languages.

Shri Mohammad Sidiq Bhagat receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the Bhand Pather folk theatre of Kashmir.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



कश्मीर के बारामूला जिले के लालपुरा में 21 अप्रैल 1965 को जन्मे, श्री मोहम्मद सीदीक भगत क्षेत्र की पारम्परिक नाट्य परम्परा से जुड़े कलाकार-परिवार से आते हैं। आपने अपने पिता श्री अब्ली भगत से भांड पाथेर का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में श्री गुलाम मोहम्मद भगत के सानिध्य में इस कला शैली में खुद को निखारा।

श्री मोहम्मद सीदीक भगत भांड पाथेर के एक उत्कृष्ट कलाकार हैं। अपने नाट्य समूह के साथ आपने कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर भांड पाथेर की प्रस्तुतियाँ दी हैं, और पुराने भांड पाथेर नाटकों के संरक्षण के लिए भी काम किया है। श्री मोहम्मद सीदीक भगत को जम्मू-कश्मीर एकेडमी ऑफ आर्ट, कल्वर एंड लैंग्वेजेज सहित कई सरकारी विभागों द्वारा सम्मानित किया गया है।

कश्मीर के लोकनाट्य भांड पाथेर के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मोहम्मद सीदीक भगत को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## कोटा सच्चिदानंद शास्त्री

अकादेमी पुरस्कारः हरिकथा (आंध्र प्रदेश)

## KOTA SATCHIDANANDA SASTRY

Akademi Award: Harikatha (Andhra Pradesh)

Born on 12 August 1934 in Addanki village of Prakasam district of Andhra Pradesh, Shri Kota Satchidananda Sastry trained in the traditional narrative art of Harikatha under Shri A.R. Krishnaiah, Shri Musunuri Suryanarayana Murthy, and Shri Bhagavatula Annapurnaiah.

Renowned today as a Harikatha performer, Shri Kota Satchidananda Sastry has contributed significantly to the sustenance and development of the art of Harikatha. His performance is distinguished by imaginative treatment of the content, whether in prose, poetry, or lyrical form. A top-ranking artist of All India Radio, he has participated in many prestigious music festivals in India and abroad.

For his service to the art of Harikatha, Shri Kota Satchidananda Sastry has been conferred the Ugadi Visista Puraskaram in 1988; the Hamsa Puraskaram in 2014; and the Adibhatla Narayana Dasa Puraskaram in 2019 by the Government of Andhra Pradesh. He has received several titles including the Kadhagana Kala Kovida, Madhura Gana Kala Nidhi, Harikatha Samrat, and the Hari Katha Chakravarti.

Shri Kota Satchidananda Sastry receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the art of Harikatha of Andhra Pradesh.

आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के अड्डांकी गाँव में 12 अगस्त 1934 को जन्मे श्री कोटा सच्चिदानंद शास्त्री ने हरिकथा की पारंपरिक कथावाचन कला का प्रशिक्षण श्री ए. आर. कृष्णैया, श्री मुसुनुरी सूर्यनारायण मूर्ति, तथा श्री भगवतुला अन्नपूर्णा के सानिध्य में प्राप्त किया।

हरिकथा के कलाकार के रूप में विख्यात श्री कोटा सच्चिदानंद शास्त्री ने हरिकथा वाचन के निर्वाह और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी कल्पनाशीलता, चाहे वह गद्य, कविता या गीतात्मक–कोई भी हो, बड़ी ही निखरी और कलात्मक होती है। आप आकाशवाणी के उच्चतम श्रेणी के कलाकार हैं और आपने देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं।

हरिकथा कला के विकास और संरक्षण के लिए आपकी सेवाओं के आलोक में आपको 1988 में उगादी विशिष्ट पुरस्कार, 2014 में हम्सा पुरस्कार, और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा 2019 में आदिभटला नारायण दास पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आपको कढ़गण कला कोविद, मधुर गान कला निधि, हरिकथा सम्राट, और हरि कथा चक्रवर्ती सहित कई उपाधियों से भी विभूषित किया गया है।

आंध्र प्रदेश की हरिकथा कला के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री कोटा सच्चिदानंद शास्त्री को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## अर्जुन सिंह धुर्वे
### अकादेमी पुरस्कारः लोक एवं जनजातीय नृत्य (मध्य प्रदेश)

## ARJUN SINGH DHURWEY
### Akademi Award: Folk and Tribal Dance (Madhya Pradesh)

Born on 8 December 1953 in Dhurkuta village of Dindori district in Madhya Pradesh, Shri Arjun Singh Dhurwey imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. To hone his skills further, he trained extensively under the tutelage of folk and tribal dance exponents and Guru Shri Sheikh Gulab.

A distinguished performer of the tribal dances of the Baiga community of Madhya Pradesh, Shri Arjun Singh Dhurwey has performed extensively various folk and tribal music and dance genres in many prestigious festivals organized in the State as well as other parts of the country. He is a B-High Grade artist of All India Radio, Jabalpur, and has recorded Karma, Dadriya, Phag, Jas, Reena, Birha songs for All India Radio, Jabalpur. He has authored a book *Baiga Geet* on the traditional songs of the Baiga tribe. He is an active member of several institutions working for the development of the arts in Madhya Pradesh.

For his contribution in the field of tribal dance and music, Shri Arjun Singh Dhurwey has been honoured with several awards including the Tulsi Samman conferred by the Government of Madhya Pradesh in 1995; and the Gaurav Samman conferred by Mekalsuta College, Dindori in 2017.

Shri Arjun Singh Dhurwey receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the folk and tribal dance of Madhya Pradesh.





मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले के धुरकुटा गाँव में 8 दिसंबर 1953 को जन्मे, श्री अर्जुन सिंह धुर्वे ने बाल्यकाल से ही क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात करना प्रारम्भ कर दिया था। अपने कौशल को निखारने के लिए आपने लोक और जनजातीय नृत्य के प्रतिपादकों और गुरु श्री शेख गुलाब के संरक्षण में सघन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मध्य प्रदेश के बैगा समुदाय से जुड़े जनजातीय नृत्यों के प्रतिष्ठित कलाकार, श्री अर्जुन सिंह धुर्वे ने राज्य के साथ-साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित कई प्रतिष्ठित समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। आप ऑल इंडिया रेडियो, जबलपुर के बी–हाई ग्रेड कलाकार हैं और आपने आकाशवाणी, जबलपुर के लिए करमा, ददरिया, फाग, जस, रीना, बिरहा गाने भी रिकॉर्ड किए हैं। आपने बैगा जनजाति के पारंपरिक गीतों पर एक पुस्तक 'बैगा गीत' की रचना की है। आप मध्य प्रदेश में कला के विकास के लिए काम करने वाले कई संस्थानों के सक्रिय सदस्य हैं।

जनजातीय नृत्य और संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री अर्जुन सिंह धुर्वे को 1995 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तुलसी सम्मान और मेकल्सुता कॉलेज, डिंडोरी द्वारा गौरव सम्मान 2017 सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

मध्य प्रदेश के लोक तथा जनजातीय नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री अर्जुन सिंह धुर्वे को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## सोमदत्त बट्टू
### अकादेमी पुरस्कारः लोक संगीत (हिमाचल प्रदेश)

## SOM DATT BATTU
### Akademi Award: Folk Music (Himachal Pradesh)

Born on 11 April 1938 in Jasur village of Kangra district of Himachal Pradesh, Shri Som Datt Battu imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. Shri Som Datt Battu received his training in music from Shri Kunj Lal Sharma of Gwalior gharana and Shri Kundan Lal Sharma of Patiala gharana, and was further groomed in the art by Shri Amir Khan of Indore gharana.

An exceedingly popular performer, Shri Som Datt Battu has an extensive experience of performing, disseminating, teaching, and promoting the folk music of Himachal Pradesh. He is a top grade artist of All India Radio and Doordarshan, and had created and produced an acclaimed musical programme based on various folk music genres of Himachal Pradesh. He has represented his State in many prestigious festivals in the country and abroad. He is also a reputed musicologist, and has published his research work in numerous journals. He has many recordings to his credit.

For his contribution in the field of folk music, Shri Som Datt Battu has been honoured with several awards including the Sangeet Kala Ratna conferred by the All India Hindu Vishwa Dharma Sammelan in 1975; the Dr Yashwant Singh Parmar Award conferred by Sirmour Kala Sangam, Himachal Pradesh in 2001; the Lifetime Achievement Award conferred by Punjabi Academy, Government of Delhi in 2012; the Sangeet Martand Award conferred by Arvind Kala Kendra in 2014; and the Sardar Sohan Singh Samriti Award conferred by Punjabi University, Patiala in 2014.

Shri Som Datt Battu receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the folk music of Himachal Pradesh.

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के जसूर गाँव में 11 अप्रैल 1938 को जन्मे, श्री सोमदत्त बट्टू ने बाल्यकाल में ही लोकसंगीत की समृद्ध परंपरा को आत्मसात करना प्रारम्भ कर दिया था। श्री सोमदत्त बट्टू ने ग्वालियर घराने के श्री कुंज लाल शर्मा और पटियाला घराने के श्री कुंदन लाल शर्मा से संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया, और फिर इंदौर घराने के श्री अमीर खान के सानिध्य में अपनी कला को निखारा।

लोकप्रिय कलाकार, श्री सोमदत्त बट्टू को हिमाचल प्रदेश के लोक संगीत की प्रस्तुति, प्रचार-प्रसार, शिक्षण आदि का व्यापक अनुभव है। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष श्रेणी के कलाकार हैं, और आपने हिमाचल प्रदेश की विभिन्न लोकसंगीत शैलियों पर आधारित एक बहुचर्चित कार्यक्रम भी तैयार किया था। आपने देश-विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। आप एक प्रतिष्ठित संगीतज्ञ होने के साथ ही बहुत ही अच्छे लेखक और शोधकर्ता भी हैं। आपके गीतों की कई रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

लोकसंगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री सोमदत्त बट्टू को 1975 में अखिल भारतीय हिंदू विश्व धर्म सम्मेलन द्वारा संगीत कला रत्न समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है; जिसमें 2001 में सिरमौर कला संगम, हिमाचल प्रदेश द्वारा डॉ. यशवंत सिंह परमार पुरस्कार; 2012 में पंजाबी अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा प्रदत्त लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड; 2014 में अरविंद कला केंद्र द्वारा संगीत मार्तंड पुरस्कार; और 2014 में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला द्वारा सरदार सोहन सिंह स्मृति पुरस्कार प्रमुख हैं।

हिमाचली लोकसंगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री सोमदत्त बट्टू को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।




SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



# अनुपमा होस्केरे
## अकादेमी पुरस्कार – धागा पुतुल (कर्नाटक)

# ANUPAMA HOSKERE
## Akademi Award: String Puppetry (Karnataka)

Born on 20 December 1964 at Bangalore, Shrimati Anupama Hoskere learned the art of traditional string puppetry of Karnataka from Sangeet Natak Akademi Awardee Shri M.R. Ranganatha Rao. She has wide experience in every facet of the composite art form of puppetry including puppet making, puppet theatre proscenium design, script writing for puppet plays, and lighting and sound effects in puppet theatre. Shrimati Anupama Hoskere is an engineering graduate from BMS College of Engineering, Bangalore with a Master's degree from the California State University, Long Beach. She is also a performing Bharatanatyam artist.

Shrimati Anupama is the Founder Director of Dhaatu Center for Sharing, a leading and progressive puppet theatre of India. She is committed to preserving, nurturing and spreading the positive and celebratory aspects of India's ancient heritage, tradition and culture, and has many productions to her credit. She started organizing puppetry festivals and inviting artists from all over India with the aim of attracting attention to the art of puppetry. Six years ago in 2015, the festival became international and came to be known as Dhaatu International Puppet Festival. Shrimati Anupama Hoskere is currently a member of the Karnataka Sangeeta Nrutya Academy.

Shrimati Anupama has taught courses in Traditional Indian Puppetry at Polytech Nice-Sophia, the engineering school of Nice-Sophia Antipolis University in France; The Free University of Brussels, abbreviated ULB, a French-speaking private research university in Brussels, Belgium; and at University of Paris 8, a public university in Paris as an invited scholar from India under the Erasmus Mundus UN Scholarship programme. She is a visiting faculty of the National Institute of Design (NID), Bengaluru. She has been the TEDx speaker at many universities of India.

She has received many awards like the Vishalakshi Award for outstanding achievement in puppetry bestowed by the Art of Living Foundation; and the Outstanding Woman Award in the field of puppetry from the Association of Kannada Kootas of America (AKKA), San Francisco, U.S.A.

Shrimati Anupama Hoskere receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for her contribution to the puppetry of Karnataka.

बेंगलुरु में 20 दिसंबर 1964 को जन्मी श्रीमती अनुपमा होस्केरे ने संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित श्री एम. आर. रंगनाथ राव से कर्नाटक के पारम्परिक धागा पुतुल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पुतुल निर्माण, पुतुल नाट्यमंच अभिकल्प (प्रोसेनियम डिजाइन), पटकथा लेखन, और पुतुल रंगमंच के लिए प्रकाश और ध्वनि प्रभाव सहित पुतुल कला के विविध पक्षों का आपको व्यापक अनुभव है। आप बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बेंगलुरु से इंजीनियरिंग स्नातक हैं और आपने कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, लॉन्ग बीच से एमए किया है। आप भरतनाट्यम की कलाकार भी हैं।

श्रीमती अनुपमा, भारत के अग्रणी और प्रगतिशील पुतुल रंगमंच, धातु सेंटर फॉर शेयरिंग की संस्थापक निदेशक हैं। आप भारत की प्राचीन विरासत, परम्परा और संस्कृति के सकारात्मक और उत्सवपूर्ण पक्षों के संरक्षण, पोषण और प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हैं, और आपने कई पुतुल प्रस्तुतियाँ तैयार की हैं। आप पुतुल कला की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से पुतुल उत्सवों का आयोजन करती हैं और इसमें भारत के विभिन्न भागों से कलाकारों को आमंत्रित भी करती हैं। वर्ष 2015 से इस पुतुल उत्सव का स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय हो गया है



और अब इसे धातु इंटरनेशनल पपेट फेस्टिवल के नाम से जाना जाता है। श्रीमती अनुपमा होस्केरे वर्तमान में कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी की सदस्य हैं।

श्रीमती अनुपमा को इरास्मस मुंडस स्कॉलरशिप मिली है और आपने फ्रांस और बेल्जियम के विश्वविद्यालयों में पारम्परिक भारतीय पुतुलकला का प्रशिक्षण भी दिया है। आप राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी), बेंगलुरु की विजिटिंग फैकल्टी हैं। आप भारत के कई विश्वविद्यालयों में टेडएक्स स्पीकर भी रह चुकी हैं।

पुतुल कला के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए आपको आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए विशालाक्षी पुरस्कार; और एसोसिएशन ऑफ कन्नड़ कूटस ऑफ अमेरिका, सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका द्वारा दिए गए उत्कृष्ट महिला पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

कर्नाटक की पुतुल कला में योगदान के लिए श्रीमती अनुपमा होस्केरे को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



# हेम चंद्र गोस्वामी
## अकादेमी पुरस्कारः मुखौटा निर्माण (असम)

# HEM CHANDRA GOSWAMI
## Akademi Award: Mask Making (Assam)

Born on 1 March 1958 in Chamaguri Sattra of Majuli district in Assam, Shri Hem Chandra Goswami is accomplished in the mask-making traditions of Assam. Since childhood he was introduced to the indigenous art of making articles from bamboo by his father Late Rudrakanta Deva Goswami. Under his father's tutelage, Shri Hem Chandra Goswami was groomed in the Sattra culture of Assam learning the nuances of Sattriya music and dance, and primarily focusing on the art of Sattriya mask-making.

Shri Hem Chandra Goswami has participated in various mask-making workshops and exhibitions organized by the Visva-Bharati University's Kala Bhavana at Santiniketan, West Bengal; North East Zone Cultural Centre, Dimapur; Dibrugarh University, Assam; and the Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya, Bhopal. His masks have been procured by distinguished museums for display like the Indira Gandhi National Centre for the Arts, New Delhi; British Museum, London; the Rabindranath Museum, Visva-Bharati University, Santiniketan, West Bengal; the Department of Anthropology, Dibrugarh University, Assam; and the Srimanta Sankaradeva Kalakshetra, Guwahati, Assam.

For his contribution in the field of mask-making, Shri Hem Chandra Goswami has been honoured with several awards including the Damodar Dev National Award, and the La Mezo Da Ananda Award.

Shri Hem Chandra Goswami receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the art of mask making of Assam.

असम में माजुली जिले के चामगुरी सत्र में 01 मार्च 1958 को जन्मे, श्री हेम चंद्र गोस्वामी असम की मुखौटा निर्माण परम्पराओं से न केवल भलीभांति परिचित हैं, बल्कि इसमें निपुण भी हैं। आपने बाल्यकाल में ही अपने पिता स्वर्गीय रुद्रकांत देव गोस्वामी के सानिध्य में बांस से कलाकृतियों के निर्माण की स्वदेशी कला सीखना प्रारम्भ कर दिया था। अपने पिता के संरक्षण में आपने असम की सत्र संस्कृति के विविध रूपों यथा सत्रिय संगीत, नृत्य आदि की बारीकियाँ सीखी और अंततः स्वयं को सत्रिय मुखौटा निर्माण कला के प्रति समर्पित कर दिया।

श्री हेम चंद्र गोस्वामी ने शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में विश्वभारती विश्वविद्यालय के कला भवन द्वारा आयोजित विभिन्न मुखौटा-निर्माण कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों में भाग लिया; जिनमें पूर्वोत्तर क्षेत्रीय संस्कृति केन्द्र, दीमापुर; डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, असम; और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल प्रमुख हैं। आपके मुखौटे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली; ब्रिटिश म्यूजियम, लंदन; रवींद्रनाथ संग्रहालय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल; मानव विज्ञान विभाग, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, असम; और श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र, गुवाहाटी, असम जैसे प्रतिष्ठित संग्रहालयों द्वारा प्रदर्शन के लिए खरीदे गए हैं।

मुखौटा निर्माण के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री हेम चंद्र गोस्वामी को दामोदर देव राष्ट्रीय पुरस्कार और ला मीजो दा आनंद पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

असम के मुखौटा निर्माण कला के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री हेम चंद्र गोस्वामी को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



# दीवान सिंह बजेली
## अकादेमी पुरस्कार: प्रदर्शन कलाओं में विद्वत्ता

# DIWAN SINGH BAJELI
## Akademi Award: Scholarship in the Performing Arts

Born on 20 January 1937, Shri Diwan Singh Bajeli obtained his M.A. (Political Science) from Delhi University, and later he earned a Diploma in Journalism from the Bharatiya Vidya Bhavan. He was a film critic for *The Pioneer* for about a decade, covering several film festivals including the International Film Festivals of India held in various cities in the country. He has been writing for *The Hindu* as a theatre critic for much more than a decade now.

Associated with the Delhi theatre scene for the last four decades as a theatre critic beginning with *The Indian Express* in the eighties for a decade, Shri Bajeli has written extensively for many other dailies such as *The Financial Express*, *The Economic Times*, *The Times of India*, *Patriot*, *The Pioneer*, *The Statesman* and the *Hindustan Times* from time to time. His reviews bear a distinct stamp of their own and throw light on the socio-economic perspective of Indian theatre. His words command the respect of theatre practitioners and his reviews that have been appearing in *The Hindu* for the past 15 years are eagerly awaited. His three books on theatre - *Mohan Upreti: the Man and His Art*, published by the National School of Drama, New Delhi; *The Theatre of Bhanu Bharti: A New Perspective*; and *Yatrik: A Journey into Theatrical Art* (both books published by Niyogi Books, New Delhi), were very well received. His book on Mohan Upreti chronicled the journey of the man credited with bringing about a cultural renaissance in Uttarakhand. The book about Bhanu Bharti highlights the necessity to synthesize traditional art forms with modern dramatic art, pointing especially to the depth of his creativity and his exploration of Bheel art–Gavari. *Yatrik: A Journey into Theatrical Art* highlights Yatrik's 50 years of uninterrupted creative history. Shri Bajeli has written a dozen short stories some of which have been published in English and Hindi publications. He has also written five one-act plays. He has been a member of various committees on theatre constituted by Sahitya Kala Parishad, Delhi, and has been part of the selection committee for Bharat Rang Mahotsav, META awards, etc.

For his critical writings on theatre, Shri Diwan Singh Bajeli has been felicitated by numerous institutions.

Shri Diwan Singh Bajeli receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his scholarship in the performing arts.

20 जनवरी 1937 को जन्मे श्री दीवान सिंह बजेली ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर (राजनीति विज्ञान), फिर भारतीय विद्या भवन से पत्रकारिता में डिप्लोमा किया। आप लगभग एक दशक तक द पायनियर में बतौर फिल्म समीक्षक कार्यरत रहे, और इस दौरान आपने देश के विभिन्न शहरों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों सहित बहुत से फिल्म समारोहों को कवर किया। आप पिछले एक दशक से भी अधिक समय से रंग समीक्षक के रूप में द हिंदू में लिख रहे हैं।

अस्सी के दशक में द इंडियन एक्सप्रेस से रंग समीक्षक के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री दीवान सिंह बजेली का दिल्ली के रंगमंचीय परिदृश्य से जुड़ाव पिछले चार दशकों से है। श्री बजेली ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस, द इकोनॉमिक टाइम्स, द टाइम्स ऑफ इंडिया, पैट्रियट, द पायनियर, द स्टेट्समैन और द हिंदुस्तान टाइम्स जैसे कई अन्य दैनिक समाचार पत्रों के लिए भी बड़े पैमाने पर लेखन कार्य किया है। आपकी समीक्षाओं की अपनी एक अलग ही छाप होती है जो भारतीय रंगमंच के सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालती हैं। आपकी लेखनी का रंगकर्मियों में बहुत सम्मान है और पिछले 15 वर्षों से द हिंदू में छपने वाली आपकी समीक्षाओं का बेसब्री से इंतजार रहता है। नाटकों पर आपकी तीन पुस्तकों – मोहन उप्रेती: द मैन एंड हिज़ आर्ट, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित; द थिएटर ऑफ भानु भारती: अ न्यू पर्सपेक्टिव, और यात्रिक: ए जर्नी इन थियेट्रिकल आर्ट (नियोगी बुक्स, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित दोनों पुस्तकें) को रंगजगत द्वारा खूब सराहा गया। मोहन उप्रेती केन्द्रित पुस्तक में उत्तराखंड में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का श्रेय उनकी कलायात्रा को दिया गया है। भानु भारती केन्द्रित पुस्तक में आधुनिक नाट्य कला के साथ पारम्परिक कला रूपों को संश्लेषित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है, विशेष रूप से उनकी रचनात्मक गहनता और भील कला–गवरी की उनकी खोज की ओर इशारा किया गया है। यात्रिक: ए जर्नी इन थियेट्रिकल आर्ट में यात्रिक के 50 वर्षों के अबाधित रचनात्मक इतिहास पर प्रकाश डाला गया है। श्री बजेली ने हिन्दी-अँग्रेजी में 12 कहानियाँ और पांच एकांकी नाटक भी लिखे हैं। आप साहित्य कला परिषद, दिल्ली द्वारा गठित रंगमंच की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे हैं, और भारत रंग महोत्सव, मेटा पुरस्कार आदि की चयन समिति का भी हिस्सा रहे हैं।

रंगमंच पर आलोचनात्मक लेखन के लिए श्री दीवान सिंह बजेली को कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है।

प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में विद्वत्ता के लिए श्री दीवान सिंह बजेली को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।





SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018



## पुरु दाधीच
### अकादेमी पुरस्कार:
### प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

## PURU DADHEECH
### Akademi Award:
### Overall Contribution in the Performing Arts

Born on 17 July 1939 in Ujjain, Madhya Pradesh, Shri Puru Dadheech received his training in Kathak dance of Jaipur gharana under Gurus Durga Prasad, Narayan Prasad and Sunder Prasad. He studied the *Natyashastra* under Babulal Shastri and Sahitya under Shivmangal Singh Suman and Acharya Shrinivas Rath.

Shri Puru Dadheech is credited for his pioneering work in bringing Kathak into the mainstream formal education system. He is the recipient of the first Kathak Sangeetacharya (then DMus) degree, which he got for his thesis *Kathak Nritya ka Udbhava aur Vikas*. He also got a PhD for his exhaustive research on Kalidasa 'Sanskrit Prayog Vigyan aur Kalidasiya Rupak'. He has authored several books including *Kathak Nritya Siksha* Vol. I and Vol. II, *Abhinaya Tal Manjari*, *Nritya Sutram*, *Nritya Nibandh* and *Natyashastra ka Sangeet Vivechan*. He has created numerous choreographic works using the Karanas, Angaharas and Mudras found in the *Natyashastra*. He has revived many ancient elements of Kathak dance tradition and has imparted training in dance at various institutions including the Bharata College of Performing Arts, Mumbai; Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya, Khairagarh; Bhatkhande College of Hindustani Music, Lucknow; Madhav Sangeet Mahavidyalaya, Ujjain; and Natwari Kathak Nritya Academy, Indore. He is currently serving as the Director of the first dedicated Kathak research centre at the Sri Sri University, Cuttack. Many PhD scholars have also received their doctorate under his guidance.

Shri Puru Dadheech is a recipient of the Mahamahopadhyay (Hon. DLit) by the Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya, Mumbai; the Shreshtha Kala Acharya by Madhuban, Bhopal; the Dhrupad Bhushan by the Drupad Kala Kendra; Shikhar Samman by Government of Madhya Pradesh; Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi Award by Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi; and the Padma Shri.

Shri Puru Dadheech receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his overall contribution in the performing arts.

मध्य प्रदेश के उज्जैन में 17 जुलाई 1939 को जन्मे श्री पुरु दाधीच ने गुरु दुर्गा प्रसाद, नारायण प्रसाद और सुंदर प्रसाद के अधीन जयपुर घराने के कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने बाबूलाल शास्त्री के अधीन नाट्यशास्त्र और शिवमंगल सिंह सुमन और आचार्य श्रीनिवास रथ के अधीन साहित्य का अध्ययन किया है।

कथक को औपचारिक शिक्षा प्रणाली की मुख्यधारा में लाने में अग्रणी भूमिका निभाने का श्रेय श्री पुरु दाधीच को दिया जाता है। आप कथक संगीताचार्य (तब डी. म्यूज़िक) की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रथम विद्वान हैं। आपका शोध विषय़ था–कथक नृत्य का उद्भव और विकास। आपने कालिदास के ''संस्कृत प्रयोग विज्ञान और कालिदासिया रूपक'' पर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी। आपने कथक नृत्य शिक्षा खंड 1 और 2, अभिनय ताल मंजरी, नृत्य सूत्रम, नृत्य निबंध और नाट्यशास्त्र का संगीत विवेचन सहित कई पुस्तकों की रचना की है। आपने नाट्यशास्त्र में विन्यस्त करणों, अंगहारों और मुद्राओं का उपयोग करके कई नृत्य संरचनाओं का निर्माण किया है। आपने कथक नृत्य परम्परा से सम्बद्ध कई प्राचीन तत्वों को पुनर्जीवित भी किया है। आपने भारत कॉलेज ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, मुंबई; इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़; भातखंडे कॉलेज ऑफ हिन्दुस्तानी म्यूज़िक, लखनऊ; माधव संगीत महाविद्यालय, उज्जैन; और नटवरी कथक नृत्य अकादमी, इंदौर सहित विभिन्न संस्थानों में नृत्य का प्रशिक्षण दिया है। वर्तमान में आप श्री श्री विश्वविद्यालय, कटक में कथक को समर्पित पहले अनुसंधान केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। आपके मार्गदर्शन में कई अध्येताओं ने पीएच. डी. की उपाधियाँ अर्जित की है।

श्री पुरु दाधीच को अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय, मुंबई द्वारा महामहोपाध्याय (डी.लिट्. की मानद उपाधि); मधुबन, भोपाल द्वारा श्रेष्ठ कला आचार्य; ध्रुपद कला केंद्र द्वारा ध्रुपद भूषण; मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिखर सम्मान; उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार; और भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

प्रदर्शन कला के क्षेत्र में समग्र योगदान के लिए श्री पुरु दाधीच को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK
AKADEMI
AWARDS
संगीत नाटक
अकादेमी
पुरस्कार
2018

The biographical particulars and factual information on the artists' professional careers contained in the citations are based on information made available by the Fellows and Awardees.